卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 59 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦6 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## सीएम धामी ने होमगार्ड जवानों को दी सौगात

देहरादून (उद संवाददाता)। होमगार्ड स्थापना दिवस के मौके पर जवानों ने नुरखेड़ा स्थित मुख्यालय में रैतिक परेड का आयोजन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परेड की सलामी ली। सीएम धामी ने जवानों को सम्मानित करते हुए कई



बड़ी घोषणाएं की। बता दें कि होमगार्ड मुख्यालय नुरखेड़ा में हर साल छह दिसंबर को रैतिक परेड का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में सीएम धामी के अलावा अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। सीएम धामी ने परेड की सलामी ली। इस दौरान सीएम धामी ने कई बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि सिलक्यारा टनल में होमगार्ड की अहम भूमिका रही है। हमारी सरकार ने सेना की तर्ज पर सीएसडी कैंटीन की सुविधा शुरू की है। इसकी सुविधा होमगार्ड को भी मिलेगी। इसके साथ ही ड्रट एप्प के जरिए भी होमगाड्र्स (शेष पृष्ठ सात पर)

## हंगामे के बीच चीनी मिल का पेराई सत्र शुरू

### बेहड़ की अगुवाई में कांग्रेसियों का हंगामा, मिल प्रबंधन पर मनमानी का आरोप

किच्छा(उद संवाददाता)। जोरदार हंगामे के बीच बुधवार को किच्छा शुगर चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ







किया गया। एक तरफ कांग्रेसी हंगामा करते रहे तो दूसरी तरफ हवन पूजन के साथ पेराई सत्र का शुभारम्भ हुआ। अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया एवं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने पहले पूजा हवन किया गया तदोपरांत बटन दबाकर चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ गन्ना डालकर किया गया। इस दौरान पंडित शेखर चंद्र ने पूजा अर्चना कराई। हंगामे के बीच पूर्व विधायक शुक्ला पेराई सत्र का शुभारंभ करने के बाद मिल से चले गये। उनके साथ मुख्य रूप से गोल्डी गोरिया कुलदीप सिंह बग्गा मनमोहन सिंह, त्रिलोक सिंह नेगी समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद थे। उधर कांग्रेसियों का हंगामा बाद में भी जारी रहा। उन्होंने मिल शुगर फैक्ट्री प्रबंधन तंत्र पर सरकार के दबाव में कार्य करने का आरोप लगाते हुए क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ के नेतृत्व में जमकर हंगामा किया और फैक्ट्री गेट पर धरना दिया। हवन पूजन में कोई भी कांग्रेसी शामिल नहीं हुआ। बाद मेंविधायक बेहड़ समेत तमाम कांग्रेसी गन्ना चैनपट्टी पर बैठकर मिल प्रबंधन और गन्ना मंत्री (शेष पृष्ठ सात पर)

## शादी का झांसा देकर सरकारी कर्मी ने लूट ली आबरू

### अल्मोड़ा सिंचाई विभाग में क्लर्क के पद पर कार्यरत है आरोपी

काशीपुर(उद संवाददाता)। शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किए जाने के एक मामले में कोर्ट ने आईटीआई पुलिस को आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। आरोपी सिंचाई विभाग अल्मोड़ा में क्लर्क के पद पर कार्यरत बताया जा रहा है। घटना के बारे में आईटीआई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि कुछ समय पूर्व उसकी दोस्ती फेसबुक के माध्यम से महुआखेड़ा गंज निवासी निशांत पुत्र पृथ्वी सिंह से हुई। 2022 की 28 अगस्त को मुलाकात होने पर उसने दोस्ती का प्रस्ताव रखा। नजदीकी बढ़ने पर उसने शादी का प्रस्ताव रखा। पीड़िता का आरोप है कि बातचीत के बहाने एक दिन उसे वह मानपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में ले गया। वहां उसने के पदार्थ में धोखे से नशीला पदार्थ पिला दिया। पीड़िता जब अचेत हो गई तो आरोपी ने उसकी आबरू लूट ली। दुष्कर्म को अंजाम देते हुए उसने वीडियो क्लिपिंग बनाई। पीड़िता ने कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वीडियो क्लिपिंग सोशल मीडिया पर अपलोड करने के नाम पर अब तक वह उसके साथ दर्जनों बार मनमानी कर चुका है। पीड़िता जब प्रेग्नेंट हो गई तो आरोपी ने उसे अबॉर्शन की दवा खिला दी। शादी की बात पर वह साफ मुकर गया। उसने प्रीत से कहा कि इस तरह की अश्लील वीडियो क्लिपिंग बनाने के लिए (शेष पृष्ठ सात पर)

### एक की जिंदगी बर्बाद,दूसरी की बर्बाद करने की तैयारी

काशीपुर। दुष्कर्म का आरोपी एक लड़की की जिंदगी बर्बाद कर दूसरे लड़की की जिंदगी बर्बाद करने की तैयारी में है। सूत्रों की मानें तो इसी सप्ताह अहरपुरा महुआखेड़ा गंज निवासी एक युवती से उसकी शादी होने वाली है। आरोपी के घर शादी की तैयारियां जोर-जोर से जारी है।

## स्क्रेप का गोदाम बना आग का गोला

### दिनेशपुर क्षेत्र में हुई घटना, अग्निकाण्ड में लाखों की क्षति

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज दोपहर निकटवर्ती ग्राम पंचाननपुर में अज्ञात कारणों के चलते स्क्रेप के गोदाम में भीषण आग लग गई। जिससे लाखों रूपये का नुकसान होने का अनुमान व्यक्त किया जा रहा है। सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक गोदाम में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। जानकारी के अनुसार दिनेशपुर क्षेत्र के ग्राम सभा बीजानगर के अन्तर्गत ग्राम पंचाननपुर में उमंग ट्रेडिंग कम्पनी है जहां स्क्रेप का कारोबार होता है। बताया जाता है कि आज दोपहर अज्ञात कारणों के चलते वहां आग भड़क गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिससे मौके पर काम कर रहे लोगों में अफरातफरी मच गई। वह आग बुझाने की कोशिश में जुट गये। लेकिन आग लगातार बढ़ती ही गई। मामले की सूचना तत्काल दमकल विभाग को दी गई। जब तक दमकल कर्मी मौके पर पहुंचते गोदाम ने आग के गोले का रूप ले लिया था। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक गोदाम में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। प्रतिष्ठान स्वामी ने बताया कि अग्निकांड की इस घटना में लाखों रूपयों का नुकसान हुआ है।

## युवक को पीटकर किया अधमरा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आधा दर्जन लोगों ने एक युवक को घेरकर बुरी तरह पीट दिया। हमलावर युवक को मरा समझकर फरार हो गये। युवक को गंभीर हालत में चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। घटना तीन दिसम्बर रात की है। तहरीर देने के बावजूद मामले में अभी तक कार्रवाई नहीं हो (शेष पृष्ठ सात पर)

## वन कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रदर्शन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। टांडा वन क्षेत्र में स्थित प्राचीन नादिया खत्ता मंदिर में रह रहे साधू के साथ मारपीट करने वाले वन कर्मियों के खिलाफ कार्र्रवाई की मांग को ले कर आज हिंदू वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने प्रभागीय वन अधिकारी के कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और मारपीट करने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। हिंदू वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष भुवन सिंह बिष्ट के नेतृत्व में आये लोगों का कहना है कि टांडा जंगल क्षेत्र में प्राचीन नादिया धाम मंदिर स्थित हैं। यहां पर महंत नागा बाबा मंगल भारती पिछले कई वर्षों सें मंदिर को संचालित कर रहे हैं। मंगल



भारती का आरोप है कि 30 नवम्बर की रात को वन विभाग के कुछ कर्मी शराब के नशे में उनके पास पहुंचे और उन्होंने अभद्रता गाली गलौच करते हुए उनका थैला छीन लिया जिसमें कुछ पैसे भी थे। वनकर्मियों ने उनकी झोपड़ी भी क्षतिग्रस्त की। आपत्ति जताने पर हाथापाई भी की गयी और सुबह तक मंदिर खाली करने की धमकी दी। श्री बिष्ट ने बताया कि पूरे मामले को वन विभाग के अधिकारियों को अवगत करा दिये जाने के बावजूद अभी तक आरोपी वन कर्मियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। आज हिंदू वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने पीड़ित के साथ प्रभागीय वन अधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और मारपीट करने वाले वन कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। हिंदू वाहिनी के पदाधिकारियों का कहना था कि वन कर्मियों ने मंदिर में रह रहे साधूके साथ अभद्रता कर (शेष पृष्ठ सात पर)






# अंकिता भंडारी हत्याकांड में हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

नई दिल्ली/देहरादून । उत्तराखंड सरकार ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले की जांच को लेकर राज्य सरकार ने तमिलनाडु कैडर के आईपीएस अधिकारी की निगरानी में नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है, जो इस मामले की जांच कर रही है। शीर्ष अदालत अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच सीबीआई से करवाने की गुहार वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष राज्य सरकार की ओर से पेश हुए डिप्टी एडवोकेट जनरल जतिंदर कुमार सेठी ने कहा कि निचली अदालत में मामले में आरोपी पुलकित आर्या, अंकित गुप्ता, सौरभ के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354, 302, 201, 120बी सहित अन्य अधिनियम के प्रावधानों के तहत चार्जशीट दाखिल की जा चुकीं है। निचली अदालत ने इस वर्ष 18 मार्च को इस मामले में आरोपियों के खिलाफ आरोप तय भी कर दिया। ट्रायल कोर्ट में 27 गवाहों के बयान दर्ज किए जा चुके है, जिसमे उसके माता-पिता, भाई, चाचा और दोस्त शामिल हैं। राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि ट्रायल चल रहा है और अभियोजन साक्ष्य शीघ्र ही पूरा होने की उम्मीद है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कॉलिन गोंजाल्विस ने मामले को सीबीआई को स्थानांतरित करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि सीसीटीवी फुटेज नहीं एकत्र किए गए और न ही फोरेंसिक साक्ष्य लिए गए। मोबाइल फोन भी जब्त नहीं किए गए। हालांकि राज्य सरकार ने पीठ को बताया कि इस पूरे मामले से जुड़े हुए सीसीटीवी फुटेज, फोरेंसिक साक्ष्य आदि अदालत के समक्ष जमा हैं। आरोपियों के मोबाइल फोन भी जब्त किए गए थे और कॉल रिकॉर्ड साक्ष्य के तौर पर पेश किए गए हैं। दोनों पक्षों को सुनने के बाद शीर्ष अदालत ने ट्रायल जारी रखने का आदेश देते हुए कहा कि मामले की अगली सुनवाई फरवरी में होगी। दरअसल, पीड़ित परिवार ने उत्तराखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर सीबीआई जांच की मांग की थी, लेकिन हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई।

## ट्रेन से देहरादून रवाना हुई महिला पुत्र सहित लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रूद्रपुर से देहरादून के लिए रवाना हुई एक महिला अपने 10 वर्षीय पुत्र सहित मार्ग में संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैम्प निवासी रामवीर पुत्र राधेश्याम ने बताया कि वह यहां एक फैक्ट्री में काम करता था। बाद में वह इसी फैक्ट्री की देहरादून शाखा में काम करने लगा। उसका परिवार यहां रहता है। उसने बताया कि 28 नवम्बर कों उसकी पत्नी सीमा देवी ने फोन पर बताया कि वह अपने 10 वर्षीय पुत्र अंशपाल के साथ रूद्रपुर रेलवे स्टेशन से देहरादून आ रही है। दोपहर तक पहुंच जायेगी। लेकिन उसकी पत्नी देहरादून नहीं पहुंची और तब से खोजबीन करने के बाद भी उसका कहीं कोई पता भी नहीं लग पा रहा है।

# झगड़ा होने पर गन्ने से पीटकर की गई थी युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिद्वार। हरिद्वार के पथरी थाना क्षेत्र में देहरादून के व्यक्ति की हत्या के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। दोनों ने ठेके पर जाकर साथ शराब पी और फिर झगड़ा हो गया। आरोपी ने खेत में ले जाकर खेत से गन्ना तोड़कर पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। मंगलवार को रोशनाबाद पुलिस कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने पत्रकार वार्ता कर बताया कि सोमवार सुबह फेरुपुर में खन्ने के खेत में अर्द्धनग्न अवस्था में एक शव मिला था। मृतक की पहचान महेंद्र पुत्र प्रकाश निवासी ग्राम डांडीपुर जसोवाला थाना सहसपुर जिला देहरादून के रूप में हुई थी। शरीर पर चोट के निशान मिले थे। टीम गठित करते हुए थाना प्रभारी रविंद्र कुमार को खुलासे के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए थे। टीम को सीसीटीवी से अहम सुराग मिले। इसके आधार पर पुलिस ने कटारपुर चौक से पेशे से राजमिस्त्री आरोपी ऋतिक निवासी धनपुरा पथरी को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने हत्या की बात कबूली। एसएसपी ने बताया कि महेंद्र और ऋतिक दोनों शराब के आदी हैं। रविवार की शाम दोनों की मुलाकात हुई। इस पर दोनों ने मिलकर शराब पी। नशा चढ़ने पर कहासुनी हो गई। महेंद्र के गाली-गलौज करने पर दोनों के बीच मारपीट हुई। ऋतिक ने खेत में खींचकर ले जाकर गन्ना तोड़कर कई वार किए। इससे महेंद्र की मौत हो गई। आरोपी वहां से पैदल घर पहुंचा। इसके बाद वह भागने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि तीन दिसंबर की शाम धनपुरा के पास एक ढाबे पर उसकी महेंद्र से मुलाकात हुई थी। दोनों ने एक-दूसरे से परिचय किया, फिर ठेके पर पहुंचे और शराब पीकर वापस धनपुरा के पास आकर एक खंडहर में बैठकर बात करने लगे। आरोपी भांग की बीड़ी पीता है। उसने एक बीड़ी महेंद्र को भी पिला दी। पहले से ही अधिक शराब पीए होने से भांग की बीड़ी पीकर महेंद्र को बौखलाहट हो गई और गाली दे दी। इससे गुस्से में आए ऋतिक ने शर्ट पकड़कर खींचा तो उसके बटन टूट गए। गर्दन पकड़कर उसे गन्ने के खेत में ले गया। यहां दोनों में सुलह हो गई। महेंद्र ने फिर से गाली दे दी। तब धक्का-मुक्की में महेंद्र का इनर भी फट गया। ऋतिक ने गन्ना तोड़कर उसके सिर में दे मारा। महेंद्र नीचे गिर गया और गाली देने लगा। तब बुरी तरह से झल्लाए ऋतिक ने गन्ने से कई वार किए। महेंद्र की आवाज बंद होते ही वह वहां से भाग निकला।





# वीवीआईपी रूट तथा कार्यक्रम स्थल तक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता) आठ दिसम्बर से देहरादून में आयोजित ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां जोरो पर है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अन्य देश विदेश के वीवीआईपी अतिथियों व डेलिगेटस के प्रतिभाग करने के दृष्टिगत सुरक्षा में नियुक्त किये गये समस्त पुलिस बल की आज अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था व अन्य उच्चाधिकारी गणों द्वारा पुलिस लाइन देहरादून में ब्रीफिंग की गई। ब्रीफिंग में अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक गढवाल रेंज, पुलिस उप महानिरीक्षक प्रशिक्षण, पुलिस उप महानिरीक्षक अभिसूचना तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा उपस्थित पुलिस बल को कार्यक्रम हेतु किये गये सुरक्षा प्रबन्धों की समीक्षा करते हुए वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य



में सभी अधिकारी/कर्मचारीगणों को सजग एवं सतर्क रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया तथा ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर सम्बन्धित पुलिस कर्मी के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी। वीवीआईपी रूट तथा कार्यक्रम स्थल पर त्रुटिरहित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। कार्यक्रम स्थल व उसके आस-पास के क्षेत्रों में ड्रोन का संचालन पूर्ण रूप से रहेगा प्रतिबन्धित रखने के निर्देश दिए गये है। ब्रीफिंग में श्री एपी अंशुमन (एडीजी,लॉ एंड आर्डर), करन सिंह नगन्याल (आईजी गढवाल रेंज) बरिंदर जीत सिंह (डीआईजी प्रशिक्षण), दलीप सिंह कुवंर (डीआईजी इण्टेलिजेंस), अजय सिंह (एसएसपी देहरादून), अन्य अधिकारी गण तथा ड्यूटी में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# उद्योगपतियों का अल्ट्रा लग्जरी कारों के काफिले में भव्य आतिथ्य किया जाएगा

देहरादून। देहरादून में 8 व 9 दिसंबर को होने जा रहे इन्वेस्टर्स समिट में आने वाले उद्योगपतियों का भव्य आतिथ्य किया जाएगा। देश के सर्वोच्च उद्योगपतियों को उनके कद के अनुरूप सुख सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। डायमंड और प्लेटिनम-1 श्रेणी में 25-25 सुपर लग्जरी कारें शामिल होंगी। ये कारें एयरपोर्ट से उद्योगपतियों को रिसीव करेंगी और उनकी वापसी तक साथ रहेंगी। इन्वेस्टर्स समिट में देहरादून आ रहे अडानी, अंबानी, बिड़ला समेत देश के शीर्ष-50 उद्योगपतियों के लिए अल्ट्रालग्जरी कारों का इंतजाम किया गया है। उद्योगपतियों की श्रेष्ठता के आधार पर तीन श्रेणियां बनाई गई हैं। श्रेणी के आधार पर ही इन्हें लग्जरी कारें मुहैया होंगी। डायमंड श्रेणी के उद्योगपतियों के लिए मर्सडीज एस-क्लास, ऑडी ए-8 से लेकर बीएमडब्ल्यू-7 सीरीज कारों का प्रबंध किया गया है। वहीं, प्लेटिनम-1 श्रेणी के उद्योगपतियों के लिए मर्सडीज ई-क्लास, बीएमडब्ल्यू-5 सीरीज और ऑडी ए-6 गाड़ियां बुक की गई हैं। तीसरी श्रेणी प्लेटिनम-2 में कारों का बेड़ा बड़ा होगा। टॉप लग्जरी कारों को मुहैया कराने का जिम्मा बार्मर एंड लॉरी कंपनी को सौंपा गया है। प्लेटिनम-2 श्रेणी के 200 उद्योगपतियों के लिए एक-एक लग्जरी कार रहेगी। प्लेटिनम-2 श्रेणी में इनोवा क्रिस्टा से लेकर फार्च्यूनर की टॉप मॉडल गाड़ियां शामिल हैं। इन निवेशकों को एस्कार्ट देने के लिए 200 वीआईपी कारों का काफिला रहेगा। इसमें अर्टिगा, स्विफ्ट डिजायर के नाम शामिल हैं। गोल्ड कैटेगरी में 1000 उद्योगपतियों को रखा गया है। इन लोगों को एयरपोर्ट से होटल और आयोजन स्थल तक ले जाने और छोड़ने के लिए 25 टेंपो ट्रैवलर व बसों का इंतजाम किया गया है। ये बसें अत्याधुनिक सुख-सुविधाओं से परिपूर्ण होंगी।





# कल उपवास पर बैठेंगे पूर्व सीएम हरदा

देहरादून(उद संवाददाता)। हरिद्वार जनपद के आपदा प्रभावित किसानों को राहत दिलाने की मांग को लेकर पूर्व सीएम हरीश रावत ने सात दिसम्बरको देहरादून में मौन उपवास पर बैठने का ऐलान किया है। पूर्व सीएम हरीश रावन ने जानकारी साझा करते हुए एक पोस्ट में बताया है कि किसान अपमानित महसूस कर रहा है कि दैवीय आपदा में धान, गन्ना और चरी को हुये भारी नुकसान के बावजूद सरकार ने केवल 1100 रूपया बीघा, वो भी कुछ ही किसानों को आर्थिक मदद दी है। तब से निरंतर किसान इस राशि को बढ़ाने के लिए संघर्षरत हैं और यह राशि बढ़ाई जानी चाहिये। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चीनी के दामों को देखते हुये गन्ने का खरीद मूल्य सवा चार सौ रुपया प्रति कुंतल से ऊपर होना चाहिए। इकबालपुर चीनी मिल के किसानों का आज भी चीनी मिल पर सौ करोड़ रुपये के लगभग बकाया है, उसका भुगतान बार-बार



आवाज उठाने के बावजूद भी सरकार ने प्रारंभ नहीं किया है। इधर खाद नहीं मिल रही है और भी बहुत सारी कठिनाइयां किसानों को उठानी पड़ रही हैं। हमने किसान सम्मान यात्रा निकाली थी और यह कहा था कि लक्सर, भगवानपुर, डोईवाला, छिद्दरवाला में भी इसी तरीके की किसान सम्मान यात्राएं निकाली जाएंगी, दुर्भाग्य से 24 अक्टूबर को मैं दुर्घटनाग्रस्त हो गया और अब भी बहुत संघर्ष करने की स्थिति में नहीं हूं। लेकिन किसानों की उपेक्षा न हो सरकार के दरवाजे खट-खटाये जाएं, मैं पहले भी एक घंटे का मौन उपवास अपने आवास पर रख चुका हूं। अब मैंने तय किया है कि दिनांक-7 दिसंबर, 2023 को गांधी पार्क देहरादून में प्रात: 11 बजे से हम एक दिन का उपवास रखेंगे जिसमें 1 घंटे का मौन व्रत होगा और गांधी जी के भजन, रघुपति राघव राजा राम के साथ उपवास की समाप्ति होगी।

# शमशान घाटों में लकड़ी की व्यवस्था नहीं होने पर वन निगम के महाप्रबंधक को लिखा पत्र

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। श्मशान घाटों में दाह संस्कार हेतु लकड़ी की पर्याप्त व्यवस्था न होने पर उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक ने गहरा रोष व्यक्त करते हुए वन निगम के महाप्रबंधक को इस आशय से पत्र प्रेषित किया है।श्री कर्नाटक ने कहा कि हिन्दू धर्म में मृत व्यक्ति के दाह संस्कार हेतु लकड़ी की आवश्यकता होती है जिसे भी वन निगम पूरा करने में असमर्थ प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि एक मृत शरीर के दहन के लिए लगभग सात कुन्तल लकड़ी की आवश्यकता होती है। लेकिन श्मशान घाटों के टालों में लकड़ी के नाम पर छोटी और पतली टहनियां है जिससे दाह संस्कार के लिए गये लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्य श्मशान घाट विश्वनाथ सहित अल्मोड़ा के सभी श्मशान घाटों का यही हाल है। श्री कर्नाटक ने कहा कि



प्रदेश सरकार को भी इसका संज्ञान लेना चाहिए और वन निगम को कड़ाई से निर्देशित कर श्मशान घाटों में लकड़ी की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था करवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मरने के बाद भी व्यक्ति के अन्तिम संस्कार के लिए श्मशान घाटों में लकड़ी की पर्याप्त व्यवस्था न होना बेहद शर्मनाक है।वन निगम और प्रदेश सरकार इसका तुरन्त संज्ञान लें। उन्होंने कहा कि यदि पन्द्रह दिन के भीतर श्मशान घाटों में लकड़ी की पर्याप्त व्यवस्था वन निगम द्वारा नहीं की गयी तो वे वन निगम के कार्यालय में उग्र आन्दोलन को बाध्य होंगे।साथ ही श्री कर्नाटक ने कहा कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को भी इस बात का संज्ञान लेना चाहिए क्योंकि मरने के बाद मृत देह के दहन के लिए श्मशान घाटों में लकड़ी की पर्याप्त उपलब्धता न होना अपने आप में शर्मनाक वाकया है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# औद्योगिक निवेश से उत्तराखण्डवासियों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे : राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में सचिव नियोजन उत्तराखण्ड शासन आर मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव उद्योग उत्तराखण्ड शासन विनय शंकर पाण्डेय एवं महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा ने भेंट कर उत्तराखण्ड में 08 एवं 09 दिसम्बर, 2023 को आयोजित होने वाली ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट की तैयारियों एवं प्रगति के विषय में जानकारी दी। 08 दिसम्बर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देहरादून में ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट का उद्घाटन करेंगे। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन सशक्त उत्तराखण्ड के स्वप्न को साकार करने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 21वीं शताब्दी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक बनाने के संकल्प की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन इकोनॉमी, इकोलॉजी, ऐथिक्स और इम्प्लॉयमेंट का संगम होगा। राज्यपाल ने कहा कि इस आयोजन का लक्ष्य उत्तराखण्ड के हर वर्ग क्षेत्र के विकास हेतु संकल्पित है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक निवेश से उत्तराखण्डवासियों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे साथ ही इतने बड़े औद्योगिक निवेश के बाद राज्य सरकार के जी.एस.टी. संग्रह में भी वृद्धि होगी। बैठक में श्री आर मीनाक्षी सुन्दरम ने बताया कि इस आयोजन हेतु मा. मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विभिन्न फोकस क्षेत्रों की पहचान की गई है जो विनिर्माण, पर्यटन एवं आतिथ्य, कल्याण एवं आयुष, हेल्थ केयर, शिक्षा, ऊर्जा और रियल स्टेट हैं। श्री सुन्दरम ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करने के लिए प्रचलित नीतियों में संशोधन करने के साथ-साथ नई नीतियों का निर्धारण भी किया गया है जिनमें सर्विस सेक्टर नीति, लॉजिस्टिक्स नीति अनुकूलित पैकेज व्यवस्था, कैपेक्स सब्सिडी, एम.एस.एम.ई. नीति, स्टार्टअप नीति आदि प्रमुख है। श्री सुन्दरम ने बताया कि नीति निर्धारण करते समय विभिन्न राज्यों की उत्कृष्ट नीतियों का अध्ययन भी किया गया है। साथ ही कई नीतियों के निर्धारण में उत्तराखण्ड देश का प्रथम राज्य भी बना है जिसका लाभ अन्य राज्यों को भी होगा।बैठक में श्री विनय शंकर पाण्डेय ने बताया कि "सशक्त उत्तराखण्ड" के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आयोजित किए जा रहे ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए अब तक देश और विदेश में विभिन्न स्थानों पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में किए गए रोड शो एवं बैठकों को अभूतपूर्व प्रतिक्रियाएं मिली है। श्री पाण्डेय ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट हेतु विभिन्न विभागों द्वारा 200 से अधिक निवेश योग्य परियोजनाएं तैयार की गयी है और 6000 एकड़ से अधिक भूमि ग्राउंडिंग हेतु चिन्हित की गयी है। बैठक में श्री रोहित मीणा ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट हेतु तय लक्ष्यानुसार 2.5 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। श्री मीणा ने बताया कि पर्यटन, स्वास्थ्य, आई.टी. जैसे सेक्टरों के बड़े उद्योगपतियों ने उत्तराखण्ड में निवेश करने के लिए सहर्ष एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। श्री मीणा ने बताया कि 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के समझौतों के सापेक्ष एक बड़ी मात्रा में ग्राउंड ब्रेकिंग इसी वित्तीय वर्ष में हो जायेगी, जो इस आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। बैठक में सचिव श्री राज्यपाल श्री रविनाथ रामन एवं राजभवन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# आपदा से बचाव हेतु तैयार किया जायेगा इंसिडेंट रिस्पांस सिस्टम

देहरादून(उद संवाददाता)। आपदा में लोगों को तेजी से बचाने, राहत पहुंचाने के लिए अब इंसिडेंट रिस्पांस सिस्टम (आईआरएस) तैयार किया जा रहा है। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) ने इसकी कवायद शुरू कर दी है। इसकी स्थापना राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के नियमों के तहत की जा रही है। राज्य में हर साल आपदाएं सरकार के लिए चुनौती साबित होती हैं। हाल में सिलक्यारा सुरंग हादसा हो या उससे पहले जोशीमठ भूधंसाव जैसी आपदा। इनसे पार पाने के लिए एनडीएमए के नियमों के तहत अब आईआरएस सिस्टम तैयार किया जा रहा है। इससे आपदा की तीव्रता या जोखिम के हिसाब से तत्काल बचाव व समाधान किया जा सकेगा। आईआरएस के तीन सेक्शन होंगे। एक ऑपरेशन सेक्शन होगा। दूसरा प्लानिंग सेक्शन और तीसरा लॉजिस्टिक सेक्शन होगा। तीनों के समन्वय से आपदा राहत कार्यों को और तेजी से किया जा सकेगा। इसके लिए यूएसडीएमए ने निविदा जारी कर दी है। ब्लॉक से लेकर जिला व राज्य स्तर पर इंसिडेंट रिस्पांस टीम (आईआरटी) भी बनाई जाएगी। आपदा के हिसाब से ये टीम भी काम करेंगी। संसाधन तत्काल जुटाए जा सकेंगे। हर काम को करने वाले अधिकारी व कर्मचारी अलग-अलग होंगे। एनडीएमए ने अगस्त माह में ही राज्य को आईआरएस बनाने के निर्देश दिए थे। प्रारंभिक चेतावनी मिलने के बाद रिस्पांसिबल ऑफिसर (आरओ) संबंधित क्षेत्र की इंसिडेंट रिस्पांस टीम (आईआरटी) को सक्रिय करेगा। बिना किसी चेतावनी के किसी आपदा की स्थिति में स्थानीय आईआरटी काम करेगा। अगर जरूरी होगा तो वह आरओ को सहायता के लिए संपर्क करेगा। आईआरटी सभी स्तरों, यानी राज्य, जिला, उप-मंडल और तहसील, ब्लॉक पर पूर्व-निर्धारित होगी। अगर आपदा जटिल होगी और स्थानीय आईआरटी के नियंत्रण से बाहर होगी तो उच्च स्तरीय आईआरटी को सूचित किया जाएगा। इसके बाद उच्च स्तरीय आईआरटी इस पूरी आपदा से बचाव का जिम्मा संभालेगी। जहां जरूरत होगी, उस हिसाब से मैन पावर, संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। राज्य आपदा प्रबंधन सचिव डा. रंजीत सिन्हा के अनुसार आरआरएस की गाईडलाईन तैयर कर ली गई है और साफ्टवेयर भी बनाया जा रहा है कि जिससे आपदा में राहत और बचाव कार्य वेहतर होंगे।



# पुण्य तिथि पर डा. अंबेडकर को किया नमन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। डा.भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप मे अनुसूचित मोर्चा भाजपा के जिला महामंत्री रविंद्र बाली के नेतृत्व में मंगलपढ़ाव अम्बेडकर पार्क मे मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा समीर आर्य, अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा प्रदीप बिष्ट, मंडल अध्यक्ष भाजपा प्रताप रैकवाल रहे। मुख्य वक्ता ने श्री आर्य ने भारत रत्न बाबा साहब के जीवन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा बाबा साहब ने कभी विशेष जाति के लिए काम नहीं किया। सभी धर्म व जाति को लेकर उन्हें संविधान का निर्माण किया। उपस्थित सभी लोगों ने डा. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा भाजपा भुवन आर्य, प्रकाश हर्बोला , सुमित्रा प्रसाद, भुवन आर्य, अजय राजोर, संजीव कुंवर, दिनेश सागर , विनीत अग्रवाल, संदीप कुकसाल, दिनेश सिंह, मनीष पाल, ईश्वरी राम, प्रतिभा जोशी, गीता जोशी, कमलेश जोशी, नंदकिशोर, धर्मेंद्र शर्मा, ऋषि, जलज, बॉबी, प्रकाश आर्य आदि थे।



# आवारा गौवंश को किया गौशाला के सुपुर्द

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम द्वारा क्षेत्र में घूमने वाले आवारा गौवंश को पकड़ने के लिए चलाए गए अभियान के तहत 12 गौवंश को पकड़कर हल्दूचौड़ स्थित श्री नित्यानंदपाद आश्रम गौशाला के सुपुर्द कर दिया गया। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि निगम द्वारा क्षेत्र में घूमने वाले आवारा गौवंश को पकड़ने के लिए चलाए गए अभियान के तहत विभिन्न स्थानों से कुल12 गौवंश को पकड़कर उन्हें दो वाहनों में बैठाकर हल्दूचौड़ स्थित श्री नित्यानंदपाद आश्रम गौशाला के सुपुर्द कर दिया गया। ताकि वहां पर उनका सही पालन पोषण हो सके और आम जनता को इनसे होने वाली परेशानियों से बचाया जा सके। गौरतलब है कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लोग अपने पशुओं को आवारा छोड़ देते है जबकि कई बारसड़कों पर वाहनों के आगे आने से हादसे भी हो चुके है लेकिन लोग बाज नहीं आ रहे है।



जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# विद्युत चोरी में दो के खिलाफ रपट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विद्युत विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण में दो भवनों में विद्युत चोरी के मामले पकड़ने के बाद भवन स्वामियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया। दर्ज रपट में अन्शुल मदान उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड रुद्रपुर प्रथम ने कहा है कि वह विभागीय कर्मी कुलदीप सिंह अवर अभियन्ता मटकोटा, नरेन्दर सिंह लाईन कर्मी, शरद चौधरी पुलिस निरीक्षक सर्तकता ईकाई कुमाँउ क्षेत्र हल्द्वानी के साथ चैकिंग करते सुपद मण्डल पुत्र बलई मण्डल के आवास गये तो मौके पर सुकुमार मण्डल पुत्र बलई मण्डल निवासी निकट सिडकुल ढाल वाली गली, ट्रांजिट कैम्प द्वारा केबल डालकर विद्युत चोरी की जा रही थी। वहीं प्रेमशंकर पुत्र प्यारे लाल निकट अटरिया मोड़ के भवन में भी विद्युत चोरी का मामला पकड़ा गया। पुलिस ने दोनों मामलों में रपट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विवाहिता का उत्पीड़न,आरोपियों के खिलाफ केस

काशीपुर(उद संवाददाता)। एक विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर अपने पति पर अप्राकृतिक दुष्कर्म का आरोप लगाया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि सास नंद व देवर मिलकर उसका बुरी तरह उत्पीड़न करते हुए मारपीट कर रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम बसई इस्लामनगर हरियावाला चौक थाना कुंडा निवासी हामिद अली की पुत्री सलमा ने बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व उसकी शादी ग्राम हरलालपुर बाजपुर निवासी मतलूब पुत्र अहमद शकूर के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से संपन्न हुई। पीड़िता ने पुलिस को बताया की शादी की कुछ दिन ठीक-ठाक बीते लेकिन उसके बाद ससुराल वालों ने उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके 1 वर्ष का बेटा है। आरोप है कि सास रफीकन, नंद सरवरी, देवर आरिफ व रफी तथा पति मतलूब आपस में एक राय होकर आए दिन उसके साथ बुरी तरह मारपीट करते हैं। पीड़िता का आरोप है कि पति द्वारा उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करने के कारण अंदर की आंतों में गंभीर चोट आ गई है। हालत खराब होने पर चिकित्सकों ने ऑपरेशन की सलाह दी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके पति के बाहर की तमाम औरतों से नाजायज संबंध है। वह एक और शादी करने की धमकी देता है। आरोपी ने पत्नी को धमकाया है कि यदि इस बारे में उसने जुबान खोला तो उसे मौत के घाट उतार दिया जाएगा। पुलिस ने उत्पीड़न के इस मामले में तहरीर के आधार पर उपरोक्त सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# तहसील दिवस पर उठीं इंदिरा नगर की समस्याएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। तहसील कार्यालय में तहसील दिवस का आयोजन उप जिला अधिकारी की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें महानगर के विभिन्न क्षेत्रों के साथ ही इंदिरा नगर की समस्याएं उठाई गई। वार्ड नंबर 32 के लोग शकील अहमद सलमानी के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुंचे। जहां शकील ने इंदिरा नगर बनभूलपुरा की अनेक समस्याओं को रखा तथा लिखित समस्याएं दर्ज कराई। शकील ने प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही जिला योजना के अंतर्गत नये गैस कनेक्शन देने, इंदिरा नगर की टूटी पुलियों को सड़कों का निर्माण करने, इंदिरा नगर छोटी सड़क के निर्माण, इंदिरा नगर वार्ड 32 की खराब पड़ी स्टीट लाइटों की ठीक करने की मांग की। सलमानी ने कहा कि महीनो खराब पड़ी स्टीट लाइट न होने के कारण आम जनता को परशानी हो रही है। बार-बार शिकायत करने के बाद भी नगर निगम खराब स्टील लाइटों को ठीक नहीं कर रहा है। इस दौरान अनेक विधवा, वृद्धा, दिव्यांग, पेंशन पाने वाले लोगों ने अपनी पेंशन ना आने की शिकायत दर्ज कराई। लोगों ने बिजली, पानी व सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की भी मांग की। तहसील दिवस में अनेक विभागों के अधिकारियों के न आने पर रोष व्यक्त किया।



# उत्तराखण्ड में ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश के लिए अपार संभावनाएं : धामी

## उत्तराखण्ड एनर्जी कॉन्क्लेव में 40 हजार करोड़ से अधिक के एमओयू साईन

देहरादून(उद संवाददाता)। डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत मंगलवार को सचिवालय में आयोजित उत्तराखण्ड एनर्जी कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू हस्ताक्षरित किये गये। उन्होंने कॉन्क्लेव में आये राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। औद्योगिक जगत से जुड़े लोगों के सुझावों के तहत 27 नई नीतियां बनाई गई है। उन्होंने कहा कि आगामी 08 और 09 दिसम्बर को डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। प्रधानमंत्री कारियों को निर्देश दिये कि आज कॉन्क्लेव में प्राप्त सभी सुझावों पर गंभीरता से अमल किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योग स्थापित करने वाले लोगों के साथ राज्य सरकार सहयोगी के रूप में कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड में कार्य करने की अपार संभावनाएं हैं, सबको ऊर्जा के क्षेत्र में कार्य करने की काफी संभावनाएं हैं, इसके लिए तीनों निगमों को एकजुटता से कार्य करने होंगे। ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य में निवेश करने वालों के लिए हर संभव मदद मिल सके, इसके लिए नियमित समीक्षा बैठकें की जायेंगी। इस अवसर पर सचिव ऊर्जा डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम, श्रीमती रंजना





सभी लोगों को समिट के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में ऊर्जा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश बढ़ाने के लिए श्री नरेन्द्र मोदी जी का राज्य को लगातार मार्गदर्शन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के वाइब्रेंट गुजरात की प्रेरणा से ही प्रदेश में डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अधि संभावनाओं का सदुपयोग करना है। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश बढ़ने से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि राज्य में राजगुरू, प्रबंध निदेशक यूजेवीएन लि. श्री संदीप सिंघल, प्रबंध निदेशक यूपीसीएल श्री अनिल कुमार, प्रबंध निदेशक पिटकुल श्री पी.सी. ध्यानी एवं उर्जा क्षेत्र से जुड़े निवेशक थे।




## सीएम ने की आदर्श चंपावत के तहत संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार कोमुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में आदर्श चंपावत के तहत संचालित योजनाओं और प्रस्तावित कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने जिलाधिकारी चंपावत को निर्देश दिए कि चंपावत स्थित सर्किट हाउस के विस्तारीकरण का कार्य तेजी से किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्किट हाउस के विस्तारीकरण में आधुनिकता के समावेश के साथ पर्वतीय शिल्प कला का प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपदों में बेहतर निर्माण कार्यों में जिलाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसके



लिए उन्हें कार्यों का नियमित रूप से अनुश्रवण करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्किट हाउस में जनता मिलन के लिए उपयुक्त स्थल के साथ सभागार भी बनाया जाए व आवागमन के लिए सुगम मार्ग का निर्माण भी किया जाए। उन्होंने जिलाधिकारी चंपावत को निर्देश दिए कि चंपावत में नई टाउनशिप विकसित किये जाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि भविष्य में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने की संभावनाओं के दृष्टिगत सम्पर्क मार्गों के विस्तारीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की दिशा में भी विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर सचिव श्री विनोद कुमार सुमन, जिलाधिकारी चंपावत श्री नवनीत पाण्डे और जिला प्रशासन चम्पावत के अधिकारी उपस्थित थे।

## मांगों को लेकर ट्रांसपोटरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

हल्द्वानी। कुमाऊं में ट्रक के पहिए मंगलवार से थम गए हैं। बता दें आज से देवभूमि ट्रक ऑनर्स वेलफेयर महासंघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल शुरू कर दी है। ओवरलोडिंग पर कार्रवाई समेत कई मांगों को लेकर कुमाऊं में ट्रकों का चक्का जाम शुरू हो गया है। देवभूमि ट्रक ऑनर्स वेलफेयर महासंघ से जुड़े ट्रांसपोर्टरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है।महासंघ के अध्यक्ष राकेश जोशी ने बताया कि हल्द्वानी से रोजाना करीब दो सौ ट्रक अल्मोड़ा, रानीखेत, बागेश्वर, पिथौरागढ़ आदि क्षेत्रों में सब्जी, राशन, ईट, सीमेंट आदि सामान लेकर पहाड़ और अन्य क्षेत्रों में जाते हैं। जिनकी सप्लाई बंद हो जाएगी। केवल दूध, गैस, पेट्रोल, डीजल की सप्लाई जारी रहेगी। बता दें करीब दो हजार ट्रक स्वामी हड़ताल पर रहेंगे। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि शासन प्रशासन से कई बार वार्ता के बाद भी उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी तब तक वह हड़ताल जारी रखेंगे।



## आपदा से क्षतिग्रस्त सड़क मार्गो के लिए मिली वित्तीय स्वीकृति

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना ने रामनगर- कालाढूगी- हल्द्वानी-काठगोदाम- चोरगलिया- सितारगंज - बिजटी क्षतिग्रस्त मार्ग पटरी के सुरक्षात्मक कार्य हेतु 67 लाख 24 हजार की धनराशि दैवीय आपदा मद से स्वीकृत की। इसके साथ ही उन्होंने पदमपुरी-बबियाड मोटर मार्ग में क्षतिग्रस्त ब्रेस्टवॉल/दीवारों के निर्माण हेतु 18 लाख 94 हजार तथा रानीबाग- भीमताल- खुटानी- पदमपुरी- पहाडपानी-मोतियापाथर मोटर मार्ग के क्षतिग्रस्त दीवारों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्य हेतु 23 लाख 25 हजार, मोरनौला- नाई-देवली- पतलोट- ल्वाड-डोवा मोटर मार्ग के क्षतिग्रस्त दवारों का पुनर्निर्माण कार्य हेतु 38 लाख 71 हजार, छीडाखान- अमजड मोटर मार्ग क्षतिग्रस्त सतह के सुधारीकरण का कार्य हेतु 32 लाख 50 हजार एवं रामनगर- भण्डारपानी- अमगढी- बोहराकोट- ओखलकांडा- तल्लीसेठी -बेतालघाट- रतौडा- भुजान- शियालकोट-जैना रीची में पेच मरम्मत कार्य हेतु 24 लाख 94 हजार तथा भण्डारपानी पाटकोट से ओखलढूंगा क्षतिग्रस्त मोटर मार्ग हेतु 10 लाख 27 हजार की धनराशि लोनिवि हल्द्वानी, भवाली नैनीताल के साथ ही पीएमजीएसवाई हल्द्वानी को स्वीकृत की है। जिलाधिकारी ने लोनिवि हल्द्वानी, भवाली, नैनीताल तथा पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिये जिन मार्गो हेतु देवीय आपदा मद से धनराशि स्वीकृत की गई है शीघ्र कार्य प्रारम्भ किया जाए तथा कार्यों में समबद्वता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। लापरवाही बरतने पर कार्यवाई की जायेगी।

# पीएम मोदी करेंगे वैश्विक निवेशक सम्मेलन का उद्घाटन

## पतंजलि योगपीठ के स्वामी बाबा रामदेव सहित अंबानी और अडानी समेत कई बड़े उद्योगपतियों का होगा संबोधन

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में आयोजित वैश्विक निवेशक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में 8000 से अधिक लोगों के शामिल होने का अनुमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आठ दिसंबर को जब सम्मेलन का उद्घाटन करने पहुंचेंगे तो उनके स्वागत में 1000 लोगों की मानव श्रृंखला बनाई जाएगी। प्रधानमंत्री आठ दिसंबर को भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) के हेलीपैड पर उतर सकते हैं। यहां से वन अनुसंधान संस्थान जहां कार्यक्रम होना है, करीब तीन किमी के फासले पर है। इस मार्ग पर करीब एक किमी तक 1000 लोगों की मानव श्रृंखला के बीच उत्तराखंड के लोक कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से पीएम का स्वागत करेंगे। निवेशक सम्मेलन में देश के बड़े उद्योगपति मुकेश अंबानी, गौतम अडानी, संजीव पुरी, सज्जन जिंदल, पतंजलि योगपीठ के स्वामी बाबा रामदेव, बनमाली अग्रवाल व चरनजीत बैनर्जी का संबोधन होगा। कार्यक्रम में सशक्त उत्तराखंड पुस्तक का विमोचन और हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड की लांचिंग वर्चुअल माध्यम से की जाएगी। इस दौरान उद्योग विभाग की ओर से ग्राउंडिंग



परियोजनाओं पर एक वीडियो फिल्म भी दिखाई जाएगी। वैश्विक निवेशक सम्मेलन में आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के स्वागत की तैयारियों में भाजपा जुट गई है। प्रधानमंत्री आठ दिसंबर को निवेशक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे, जबकि नौ दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सम्मेलन के समापन में शामिल होंगे। पार्टी के दोनों दिग्गजों के स्वागत की तैयारियों के लिए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मंगलवार को कार्यक्रम स्थल एफआरआई का दौरा किया। भट्ट ने इस दौरान आयोजन स्थल, प्रदर्शनी स्थल और आसपास के क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास और युवाओं के लिए रोजगार निर्माण को लेकर यह सम्मेलन गेम चेंजर साबित होने वाला है। ऐसे में हम सबका सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री मोदी हमारा हौसला बढ़ाने और मार्गदर्शन करने देवभूमि आ रहे हैं। सभी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वे इस आयोजन को लेकर राज्यवासियों में सकारात्मक चर्चा का माहौल बनाएं। साथ ही ऐसे प्रयास करें जिससे आने वाले हजारों देशी-विदेशी डेलीगेट्स के सामने राज्य की शानदार तस्वीर उभरे। भट्ट के साथ कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भी तैयारियों का निरीक्षण किया।

## एसीएस ने एफआरआई में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों और सुरक्षा को लेकर दिए दिशा निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने मंगलवार को आगामी 8-9 दिसंबर को आयोजित होने वाले उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 की तैयारियों को लेकर एफआरआई देहरादून पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 8 - 9 दिसंबर को होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी भी ली। एसीएस ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग व्यवस्था, शहर में रुट डाइवर्ट प्लान समेत विभिन्न व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में लगे विभिन्न पंडालों, मुख्य कार्यक्रम स्थल एवं अन्य स्थानों का भी निरीक्षण किया। अपर मुख्य सचिव श्रीमती रतूड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखने के साथ ही आमजन को अनावश्यक परेशानी ना हो



इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि देश एवं दुनिया से बड़ी संख्या में निवेशक उत्तराखण्ड आ रहे हैं, इस दौरान सभी विशिष्ट अतिथियों के सामने उत्तराखण्ड की समृद्ध संस्कृति की भी झलक दिखे इसके लिए विशेष इंतजाम किए जाएं। इस दौरान कार्यवाहक डीजीपी अभिनव कुमार, सचिव विनोद सुमन, विनय शंकर पांडे, एडीजी ए.पी अंशुमन, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ,जिला अधिकारी सोनिका, एसएसपी देहरादून अजय सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# टनल में फंसे मजदूरों को बचाने वाली टीम को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। एनडीआरएफ की 15वीं बटालियन के मुख्यालय में उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल में 41 मजदूरों को बचाने में सहयोग करने वाली 25 जवानों की टीम को उनके कुशल कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान तीन जवानों को टनल में फंसे श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एनडीआरएफ 15 बटालियन के मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल में 41 श्रमिकों को सकुशल बचा कर बाहर लाने वाले एनडीआरएफ की 31सदस्यीय टीम के अधिकारियों और जवानों को कमांडेंट सुदेश कुमार दराल ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान कमांडेंट दराल ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले हेड कां,मनमोहन सिंह, सिपाही सचिन कुमार और प्रदीप कुमार को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान सिल्कयारा टनल में फंसे श्रमिकों को बचाने वाले जवानों ने अपने अनुभवों को भी मंच पर रखा।सुदेश कुमार दराल ने कहा कि एनडीआरएफ की 15वीं बटालियन के जवानों ने अद्भुभुत साहस का परिचय देते हुए टनल में फंसे श्रमिकों को पाइप के बीच में से बाहर निकाला उन्होंने कहा श्रमिकों को निकालने के लिए एनडी आरएफ के जवान सबसे पहले अंदर पहुंचे उन्होंने कहा एनडी आरएफ प्रदेश के अलावा देश के विभिन्न राज्यों में आपदा से प्रभावित लोगों के जान माल की रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगाने से संकोच नहीं करते है।इस मौके पर सिलक्यारा टनल में उपयोग में ले जाने वाले सुरक्षात्मक उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम का संचालन अजय पंत ने किया। इस मौके पर कमांडेंट सुदेश कुमार दराल, बटालियन के द्वितीय कमान अनिल कुमार,उप सेनानी रवि शंकर,डॉ शैलेश कुमार चौधरी, राजू एस धपोला,मनोज जोशी,प्रकाश पांडे,सुनील कुमारमौजूद थे।



# बंदरों के आतंक से लोग परेशान

## बच्चों का घरों से बाहर खेलना कूदना भी हुआ दूभर



कालाढूंगी(उद संवाददाता)। कालाढूंगी नगर में निरतर बढ़ रही बंदरों की संख्या ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। लोगों का कहना है कि नगर के आस पास के एरिया से बंदर पकड़ने वाले ठेकेदार यहा बंदर छोड़ कर जा रहे है। यहा एक अनुमान के अनुसार एक हजार से अधिक बंदरों की तादाद हो गई है। बंदरों के बढ़ रहे आतंक के चलते महिलाओं ने छतों पर कपड़े सुखाना तक छोड़ दिया है। अब मकानों के आगे लोहे के जाल बनवाने पर लोग मजबूर है। महिला आइशा, जानकी देवी, नगजिदा बैगाम ने कहा कि बंदरों का आतंक इतना है कि अगर गलती से भी घर का दरवाजा खुला रह जाता है तो बंदर सेना घर के अंदर घुस कर सामान उठा कर ले जाते है। बंदरों के आतंक के चलते ही गलियों में बच्चों को नहीं खेलने देते है। ऐसा कोई दिन नहीं गुजरता जिस दिन बंदरों द्वारा किसी के काटे जाने की घटना न होती हो। नगर पंचाययत प्रशासन से कई बार बंदरों के आतंक से छुटकारा दिलाने की माग की जा चुकी है। करीब आठ साल पहले नगर पंचायत प्रशासन सामाजिक संगठनों के सहयोग से यूपी से बंदर पकड़ने वाले ठेकेदारों को बुलावा कर 500 के करीब बंदर पकड़वाए थे। इसके बाद कुछ महीनों तो यहा बंदरों के आतंक से शाति लोगों को मिली लेकिन अब फिर से बंदरों की संख्या बढ़ने से लोग परेशान होने लगे है। यहा के लोग जिलाधिकारी को भी पत्र लिख कर बंदरों के आतंक से छुटकारा दिलाने की माग की जा चुकी है लेकिन न तो जिला प्रशासन न ही नगार पंचायत व वन विभाग कोई सुध नही ले रहा है।

# पहला पति छोड़ा, दूसरा विदेश भागने के प्रयास में

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महिला द्वारा आपसी समझौते के बाद अपने पहले पति को छोड़ दूसरे व्यक्ति से प्रेम विवाह कर लिया गया। लेकिन अब महिला का आरोप है कि उसका पति परिजनों के साथ मिलकर विदेश भागने का प्रयास कर रहा है। मामले में पीड़िता की ओर से पति व उसके परिजनों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में पीड़िता का कहना है कि उसका पहले सुखलाल के साथ विवाह हुआ था । बाद में आपसी समझौते के बाद दोनों अलग रहने लगे। पीड़िता यहां एक फैक्ट्री में काम करती थी जहां उसकी यही काम करने वाले ग्राम रामनगर केलाखेड़ा निवासी गुरप्रीत सिंह काम्बोज से मुलाकात हुई और कुछ समय बाद दोनों ने साथ रहने का निर्णय कर लिया। वह गुरप्रीत के साथ रहने लगी। गुरप्रीत के परिजन इससे राजी नहीं थे। जिसे देखकर दोनों ने एक मंदिर में शादी कर ली। पीड़िता का कहना है कि 12 मार्च 23 को उसका पति पिथौरागढ़ जाने की बात कह कर गया था। लेकिन उसके बाद उसका कोई फोन नहीं आया। जबकि अपने घर लगातार फोन करता था। उसका आराप है कि पति अब विदेश भागने की फिराक में है। इसके लिए उसने बीजा के लिए एप्लाई भी किया हुआ है। उसे विदेश भगाने में ससुर ओमप्रकाश, सास शीला देवी, ननद गुरजीत कौर, व देवर हरप्रीत सिंह पूरा सहयोग कर रहे हैं। यह मामला महिला हेल्प लाईन में विचाराधीन है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# परिनिर्वाण दिवस पर डा. अंबेडकर का भावपूर्ण स्मरण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न देश के प्रथम कानून मंत्री डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया,और उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाटा चौक स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर मूर्ति स्थल पर पहुंचकर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया, और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की, इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जब तक सूरज चांद रहेगा, बाबा तेरा नाम रहेगा, डॉ भीमराव अंबेडकर अमर रहे। आदि के गगन भेदी नारे लगाकर उनका स्मरण किया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने समता मूलक समाज की स्थापना की, उन्होंने जात-पात,ऊंच नीच, भेदभाव,



और अमीरी गरीबी, से ऊपर उठकर समाज का नव निर्माण किया, और देश को मजबूत करने की दिशा में कार्य किया स पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश बाबरा और महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि उनके बताएं मार्ग पर चलकर ही हम देश को अखंड और मजबूत बना सकते हैं। कांग्रेस नेता और पूर्व प्रधान विजय यादव और रामस्वरूप भारती ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने संविधान का निर्माण किया, और उसी संविधान के अनुरूप हम हिंदुस्तान को ऊंचाइयों पर ले जाने का काम कर रहे हैं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा,महानगर अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद, पार्षद मोनू निषाद, अशफाक अहमद, महानगर एनएसयूआई अध्यक्ष योगेश पांडे, पूर्व सभासद इंद्रजीत सिंह, पूर्व एन एस यू आई अध्यक्ष चेतन भट्ट, कांग्रेस नेता राजीव यादव, रविंद्र गुप्ता, अनिल शर्मा, दिनेश मौर्य, धनीराम मिश्रा, रामचंद्र सिंह सागर,अरविंद सक्सेना, राजू भारती,डॉक्टर वकील अहमद मंसूरी,राजकुमार, जितेंद्र सागर,सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# बेहड़ ने अधिकारियों के साथ की योजनाओं की समीक्षा

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने लोक निर्माण विभाग,सिचाई विभाग तथा समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ किच्छा विधानसभा में कार्य योजनाओं को लेकर एक समीक्षा बैठक की जिसमे उन्होंहे विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से सभी अधिकारियों को उनके विभागों से सम्बंधित परिशानियो से अवगत कराया तथा समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश दिए।



लोक निर्माण विभाग तथा सिचाई विभाग के अधिकारियों के साथ किच्छा लेफ्ट पाहा नहर में चल रहे कवरिंग कार्य के विषय में विस्तार से चर्चा की तथा कार्य को समय से पूरा किये जाने के निर्देश दिए द्य लोक निर्माण विभाग अधिकारियों से विधानसभा में चल रहे सड़कों के निर्माण कार्यो की भी समीक्षा की। विधायक बेहड़ ने समाज कल्याण के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए विधानसभा किच्छा में अनुसूचित गाँवों में विकास कार्य जो की उनके द्वारा समाज कल्याण को भेजे गए है इन योजनाओं शीघ्र को पूरा करने हेतु आवशयक कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए किच्छा विधानसभा के समाज कल्याण से विषयों पर भी चर्चा की व क्षेत्रवासियों की समस्याओं से अवगत कराया व दूर करने के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड,जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध ,सहायक समाज कल्याण अधिकारी चन्द्र प्रकाश रावत,लोक निर्माण विभाग सहायक अभियंता (प्रांतीय खंड) गोविन्द बल्लभ भट्ट, जेई सचिन कुमार, सहायक अभियंता सिचाई विभाग विजय पल सिंह,अपर सहायक अभियंता सिचाई विभाग शेलेन्द्र भटनागर,पंचदेव सिंह,श्रीमती रीना आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्लॉट बेचने के नाम पर दो महिलाओं से धोखाधड़ी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम धर्मपुर निवासी एक व्यक्ति द्वारा प्लॉट बेचने के नाम पर दो महिलाओं से धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित महिलाओं ने पुलिस महानिरीक्षक को शिकायती पत्र प्रेषित कर न्याय की गुहार लगाई है। प्रेषित पत्र में गूलरभोज निवासी रेखा कश्यप पत्नी राजवीर तथा मीना देवी पत्नी हरीराम ने कहा है कि 12-04-21 को उन्होंने ग्राम धर्मपुर, रूद्रपुर निवासी एक व्यक्ति से दो प्लॉट खरीदे थे। जिनकी रजिस्ट्री तथा दाखिल खारिज भी हो चुका है। प्लॉट का समस्त भुगतान भी किया जा चुका है। ये प्लाट ग्राम भूरारानी फौजी मटकोटा में स्थित है। महिलाओं का कहना है कि उन्होंने दो साल पहले 3 हजार ईंट तथा 5 हजार रु का रेत मंगवाया था। लेकिन उस व्यक्ति के दूसरे पार्टनर ने उन्हें यह कहकर बुनियाद भरने से रोक दिया कि यह प्लाट उसके हिस्से में है। वह मेटेरियल जबरदस्ती भरवाकर ले गया। महिलाओं का आरोप है कि प्लॉट विक्रेता ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। जब भी वहां काम कराने की कोशिश की मारने की धमकी देकर भगा दिया। 27-04-23 को बात ज्यादा बिगड़ने पर उन्होंने 112 नम्बर पर फोन भी किया और थाने में तहरीर भी दी लेकिन समस्या का समाधान न हो पाने के कारण मजबूरन गुहार लगानी पड़ रही है। पत्र में रेखा कश्यप व मीना देवी ने न्याय दिलाते हुए उचित कार्यवाही करके प्लाट पर कब्जा दिलाने का आग्रह किया है।

# खेल महाकुंभ में बच्चों ने दिखाया दम

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में कालाढूंगी न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाया। यहां दो दिन अंडर 14 एवं अंडर 17 बालक, बालिका कबड्डी, दौड़, जंप, गोला फेंक, चक्का फेंक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सत्य नारायण द्वारा किया गया। बच्चों के द्वारा अपनी अपनी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए खूब दम खम दिखाते हुए एक दूसरे को पराजित करने का भरपूर प्रयास किया। जिसके बाद विजेता, उप विजेता बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी सत्य नारायण द्वारा मेडल प्रमाण पत्र एवं नकद प्रोत्साहन राशि देकर देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा पढ़ाई के साथ बच्चों को खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते रहना चाहिए। खेल संपन्न कराने में खेल संयोजक ब्रज मोहन, बीआरसी समन्वयक प्रेम चंद्र कांडपाल, युवा कल्याण अधिकारी डीएन कांडपाल, योगेश्वर पांडे, कमलेश सती, हेमलता पाल, मनोज कुमार, प्रीतम बिष्ट, कुलवंत बजवाल, मंजू भट्ट, मो, शादाब, हरीश पुनेठा आदि तमाम शिक्षक जुटे रहे।



# स्वतंत्रता सेनानी की पत्नी हीरा देवी को दी श्रद्धांजलि

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।ग्राम दानपुर निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोतीराम जोशी की पत्नी हीरा देवी का देहांत हो गया। उनके आवास पर पूर्व विधायक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी राजेश शुक्ला ने पहुंचकर पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी, जिला प्रशासन की तरफ से तहसीलदार दिनेश कुटोला ने पुष्प चक्र अर्पित किया। स्वतंत्रता सेनानी स्व0 मोतीराम एवं हीरा देवी की तीन पुत्र डी डी जोशी, रेवाधर जोशी व केशव दत्त जोशी है। डी डी जोशी सेवानिवृत प्रोफेसर महाविद्यालय रूद्रपुर है। स्वतंत्रता सेनानी स्व0 मोती राम की पत्नी के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर है। शोक व्यक्त करने वालों मे विधायक शिव अरोड़ा,ग्राम प्रधान पूजा वर्मा, सुरेश परिहार, मीना शर्मा, मनदीप वर्मा, चंद्रिका प्रसाद यादव, राजन, कंवल मोहन भंडारी, माधव सिंह, तमता, चंद्र सिंह बिष्ट, मोहन बेस्ट, वशिष्ठ कुमार, हरेंद्र सिंह बिष्ट, अकरम गुलाटी, हरजीत कंबोज आदि समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## महिला अपराध के आकड़े

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी की ताजा रिपोर्ट ने एक बार फिर समाज, पुलिस–प्रशासन और सरकारों के कामकाज की शैली को आईना दिखाया है। दर्ज मामलों पर आधारित आंकड़ों के मुताबिक देखें तो आज भी हर जगह होने वाले अपराधों में महिलाएं सबसे ज्यादा जोखिम से गुजर रही हैं और उनके खिलाफ आपराधिक घटनाएं कम होने के बजाय और बढ़ रही हैं।एनसीआरबी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि 2022 में देश भर में महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के कुल चार लाख पैंतालीस हजार दो सौ छप्पन मामले दर्ज किए गए। जबकि इसके पिछले वर्ष यानी 2021 में यह आंकड़ा चार लाख अट्ठाईस हजार दो सौ अठहत्तर और 2020 में तीन लाख इकहत्तर हजार पांच सौ तीन था। यानी वक्त बीतने के साथ महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों की तस्वीर में कोई सुधार आने के बजाय स्थिति और ज्यादा बिगड़ती जा रही है। माना जाता है कि शहरों में कानून–व्यवस्था से लेकर अन्य उपायों की वजह से आम नागरिकों की सुरक्षा के लिहाज से स्थितियां बेहतर हैं। मगर विडंबना है कि गांवों के मुकाबले शहरों और महानगरों में स्थिति और ज्यादा चिंताजनक हुई है। स्त्रियों का जीवन महानगरों में अपेक्षया ज्यादा जोखिम से गुजर रहा है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक, महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों में दिल्ली सबसे ऊपर रही, जो लगातार तीसरे साल उन्नीस महानगरीय शहरों में सबसे अधिक है। राज्यों में उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की सबसे ज्यादा प्राथमिकी दर्ज हुई। जिस दौर में देश के हर स्तर पर आगे बढ़ने और व्यवस्था में बड़े बदलाव का हवाला दिया जा रहा है, उसमें महिलाओं के जीवन पर जोखिम में लगातार बढ़ोतरी कैसे हो रही है! आमतौर पर सभी सरकारें महिलाओं की सुरक्षा को लेकर अनेक घोषणाएं करती रहती हैं। मगर साफ देखा जा सकता है कि सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों से लेकर जितने भी कदम उठाए जाते हैं, उससे जमीनी स्तर पर महिलाओं के जीवन को सहज और सुरक्षित बनाने में कोई ठोस कामयाबी नहीं मिली है। आखिर क्या कारण है कि आज भी घर से बाहर आवाजाही के रास्तों से लेकर काम की जगहों, यहां तक कि घरों के भीतर भी महिलाओं को बहुस्तरीय जोखिम का सामना करना पड़ रहा है? हत्या, बलात्कार, अपहरण जैसे जघन्य वारदात का शिकार होने को गंभीर अपराधों की श्रेणी में माना जाएगा, लेकिन एनसीआरबी की रिपोर्ट यह भी कहती है कि भारतीय दंड संहिता के तहत महिलाओं के खिलाफ 31.4 फीसद आपराधिक घटनाएं पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता की थीं। सवाल है कि वक्त के साथ चतुर्दिक विकास, नए सख्त कानूनी प्रावधान और व्यवस्थागत सुधार के बीच महिलाएं कहां हैं? आमतौर पर सभी पार्टियों का यह चुनावी नारा और वादा होता है कि वे सत्ता में आने पर हर स्तर पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी। मगर हकीकत यह है कि हर अगले साल एनसीआरबी के आंकड़ों से लेकर सभी अध्ययनों में यही अफसोसनाक तस्वीर होती है कि महिलाएं कहीं भी खुद को सुरक्षित और सहज महसूस नहीं कर पातीं। कानून–व्यवस्था, पुलिस–प्रशासन की उदासीनता का आलम यह है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों के भीतर शायद ही कभी खौफ दिखता हो। सामाजिक विकास का सवाल हाशिये पर होने की वजह से आम लोगों के भीतर भी स्त्रियों और उनके मुद्दों को लेकर जरूरी संवेदनशीलता का अभाव दिखता है। अगर देश की महिलाएं हर जगह खुद को असुक्षित पाती हैं, तो विकास के आंकड़ों और दावों का क्या मतलब रह जाता है?

## नाबालिग को अगवा करने वाला आरोपी युवक गिरफ्तार

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। सल्ट पुलिस ने नाबालिग बालिका की गुमशुदगी के मामले में त्वरित कार्यवाही कर पोक्सो एक्ट के अभियुक्त को जनपद पौड़ी गढवाल से गिरफ्तार कर नाबालिग बालिका को अभियुक्त के कब्जे से बरामद कर लिया। सल्ट निवासी एक व्यक्ति द्वारा अपनी 13 वर्षीय नाबालिग पोती के घर से स्कूल के लिए जाने व वापस ना आने के संबंध में थाना सल्ट में तहरीर दी दी थी। मामला नाबालिग बालिका की गुमशुदगी का होने पर थाना सल्ट में तत्काल




एफ0आई0आर0 पंजीकृत की गई। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु, ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र नाबालिग बालिका की बरामदी के आदेश दिये। थानाध्यक्ष सल्ट अजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में गठित टीम ने गुमशुदा नाबालिग बालिका की खोजबीन शुरु की और नाबालिग बालिका को थलीसैंण, जनपद पौड़ी गढ़वाल से अभियुक्त सरोज कुमार पुत्र बलवीर चन्द्र निवासी ग्राम मासो, चौखाल पौड़ी के कब्जे से बरामद कर लिया। आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की गयी। टीम में हेका संजू कुमार, महिला कांस्टेबल लता रावत, मनोज शर्मा आदि भी थे।

## भावेश का नेशनल साइक्लिंग चौंपियनशिप मे चयन



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आगामी जनवरी माह में कर्नाटक के विजयापुर में होने वाली रोड नेशनल साइक्लिंग चौंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल 3 दिसम्बर को गौलापार मे लिए गया।जिसमे मास्टर भावेश का नेशनल रोड़ साइक्लिंग चौंपियनशिप के लिए चयन किया गया। भावेश वर्तमान में व्हाइट हाल स्कूल मे पढ़ता है, और साइक्लिंग कोच मनीष वर्मा से साइक्लिंग की ट्रेनिंग लेता है। चयन उपरांत भावेश के परिवार व सगे सम्बन्धी मे काफी खुशी है। भावेश का सपना है कि वह एक अच्छे साइक्लिस्ट बनकर अपने राज्य और देश का नाम रोशन करे।

## जोशीमठ में टेक्निकल सर्वे के लिए ड्रिलिंग हुई पूरी, नहीं मिली हार्ड रॉक

जोशीमठ । शहर में भू–धंसाव से प्रभावित क्षेत्रों में भार क्षमता का पता लगाने के लिए लोनिवि की ओर से नीदरलैंड की फुगरो कंपनी से जियो टेक्निकल ड्रिलिंग सर्वे कराया जा रहा है। सुनील वार्ड से औली रोड पर ड्रिलिंग सर्वे पूरा कर दिया है। 80 मीटर गहराई तक ड्रिलिंग के बाद भी यहां हार्ड रॉक नहीं मिली है। अब टीम के द्वारा मनोहर बाग वार्ड पर दूसरी ड्रिलिंग शुरू की जाएगी। कंपनी की ओर से 13 नवंबर से टेक्निकल सर्वे शुरू किया गया था। सुनील वार्ड के अलावा सिंहधार वार्ड, मनोहरबाग



वार्ड, मारवाड़ी सहित छह स्थानों पर ड्रिलिंग की जानी है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह चौहान ने बताया कि 80 मीटर तक खुदाई की जा चुकी है, लेकिन अभी तक हार्ड रॉक नहीं मिली है। केंद्र सरकार ने भू धंसाव से ग्रस्त जोशीमठ के पुनर्निर्माण के लिए 1658.17 करोड़ की योजना को हरी झंडी दिखा दी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने रिकवरी एंड रिकंस्ट्रक्शन योजना को मंजूरी दी।

## हाई कोर्ट ने पीआरडी के 33 पदों पर भर्ती को दी हरी झंडी

नैनीताल। हाई कोर्ट ने राज्य में चल रही प्रांतीय रक्षक दल की भर्ती प्रक्रिया को चुनौती देती याचिका को खारिज कर दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ ने ने भर्ती प्रक्रिया को हरी झंडी देते हुए याचिका को खारिज दिया है।उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से क्षेत्रीय युवा कल्याण प्रांतीय रक्षक दल या पीआरडी के 33 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया 13 अक्टूबर को आरंभ की थी। भर्ती प्रक्रिया व नियमावली को कोटाबाग नैनीताल निवासी महेश जोशी ने याचिका दायर कर चुनौती दी थी। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से कोर्ट में कहा कि नियमावली एकदम सही है और विधानसभा को यह पूरा अधिकार है कि इस पर सरकार नियम बना सकती है। विधानसभा ने इसपर सोच समझकर नियमावली बनाई है, इसलिए याचिकाकर्ता की याचिका औचित्य विहीन है इसलिए इसे निरस्त किया जाए।

## झाझरा–आशारोड़ी लिंक रोड बनेगी फोरलेन केंद्र ने 715.97 करोड़ रूपये की दी मंजूरी

देहरादून। केंद्र से उत्तराखंड को एक और बड़ी सौगात मिली है। झाझरा–आशारोड़ी लिंक रोड को मंजूरी मिल गई है। इसके लिए केंद्र से 715.97 करोड़ को स्वीकृति मिल गई है। देहरादून की 12.17 किमी लंबाई की बहुप्रतीक्षित झाझरा–आशारोड़ी लिंक रोड को फोरलेन बनाने को मंजूरी मिल गई है। केंद्र सरकार ने इसके लिए 715.97 करोड़ की धनराशि को स्वीकृति दे दी है। इसके लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया है। झाझरा–आशारोड़ी लिंक रोड को मंजूरी मिलने पर सीएम धामी ने कहा कि ये सड़क देहरादून शहर के लिए एक बाईपास के रूप में कार्य करेगी। इस से देहरादून में भीड़भाड़ कम होगी और प्रदूषण में भी कमी आएगी। इस सड़क के निर्माण से देहरादून में आवागमन आसान होगा।

## डीएम ने नन्हीं परी इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। मुख्यालय के मड़धूरा में अधूरे पड़े नन्हीं परी इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माण कार्य की अनियमितता के संबंध में शासन द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी गठित की गई। मंगलवार को जांच कमेटी की अध्यक्ष जिलाधिकारी रीना जोशी द्वारा कमेटी के अन्य सदस्यों के साथ निर्माणाधीन नन्ही परी इंजीनियरिंग कॉलेज मड़ का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जांच कमेटी के सदस्यों द्वारा भवन की वर्तमान स्थिति आदि का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कमेटी के सदस्य लोनिवि के अधिशासी अभियंता को दो दिन के भीतर भवन में वर्तमान तक हुए कुल कार्य व क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। साथ ही सदस्य भू वैज्ञानिक से भी भवन क्षेत्र का वर्तमान स्थिति के अनुसार भू सर्वेक्षण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि निरीक्षण के साथ ही सम्पूर्ण जांच रिपोर्ट शासन को भेजी जा सके। निरीक्षण के दौरान भवन के पिछले हिस्से में पहाड़ी



से हो रहे भू–कटाव के कारण भवन के भू तल के सभी कक्ष्यों में मलवा भरा पाया गया। इस भाग में किसी भी प्रकार की सुरक्षा हेतु रिटेनिंग / सुरक्षात्मक दीवारों का निर्माण कार्य नहीं किया गया है। जिस कारण भवन के पिछले भाग में वर्षा के कारण मृदा संरक्षण की प्रकिया तीव्रता से गतिमान है। ब्लॉक भवन के ग्राउंड फ्लोर में मृदा की परत व मृदा का जमाव पाया गया है। ग्राउंड फ्लोर के सभी कमरे क्षतिग्रस्त है। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि संस्थान के भवन निर्माण में हुई क्षति का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की जाए। नन्ही परी सीमांत इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रभारी निदेशक डॉ अजीत सिंह को निर्देश दिए कि भवन में रखी गई सारी मशीनों को किसी अन्य स्थान पर रखा जाए ताकि वो सुरक्षित रहें। निरीक्षण के दौरान अपरजिलाधिकारी डॉ. शिव कुमार बरनवाल, एसडीएम अनिल कुमार शुक्ला, भू वैज्ञानिक, अधिशासी अभियंता लोनिवि, प्रभारी निदेशक एसआईटी आदि अधिकारी उपस्थित थे।

## दो मंजिला मकान में अग्निकांड से भारी चुकसान, डीएम ने मांगी रिपोर्ट

नैनीताल। शहर के कमलासन कंपाउंड क्षेत्र में अग्निकांड से दो मंजिला भवन जलकर राख हो गया। भवन स्वामी ने अग्निकांड में एक करोड़ से अधिक नुकसान होने का दावा किया है। अब मुख्य अग्निशमन अधिकारी सर्वे कर स्पेशल फायर रिपोर्ट तैयार करेंगे। जिसके लिए विभाग की ओर से उच्चाधिकारियों को सूचना दे दी गई है। सोमवार शाम कमलासन कंपाउंड निवासी सुब्रत साह के भवन में आग लग गई थी। करीब साढ़े तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग बुझाने के दौरान भवन स्वामी की पत्नी डॉ बेला साह छत से गिरकर चोटिल भी हो गई थी। उसका बीडी पांडे अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। मंगलवार को भवन स्वामी ने अग्निकांड में करीब एक करोड़ से अधिक नुकसान होने का दावा किया है। जिसमें करीब 40 लाख के गहने, नगदी व अन्य सामान शामिल है। उन्होंने कहा कि भवन में भी कुछ समय पूर्व ही उन्होंने काफी काम कराया था, मगर आग से सब राख हो गया। मामले में एफएसओ किशोर उपाध्याय ने बताया कि सुबह विभाग कर्मियों को निरीक्षण के लिए भेजा गया था।नुकसान की राशि अधिक होने के कारण मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा सर्वे कर स्पेशल फायर रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिसमें नुकसान का सही आकलन किया जाएगा। उधर जिलाधिकारी वंदना के अनुसार आग बुझाने में लापरवाही व देरी के मामले की एसडीएम से रिपोर्ट मांगी गई है।





किच्छा शूगर मिल में विरोध प्रदर्शन करते विधायक तिलक राज बेहड़ व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता एवं मौके पर तैनात पुलिस फोर्स।

# तरह तरह के लक्ष्यों पर भटक रहा है मन?

मन बाहर तरह-तरह के लक्ष्यों में इसीलिए भटकता रहता है क्योंकि मन को भीतर यह नहीं पता कि कौन सी एक चीज है जो उसको चाहिए। बाहर जितने भी लक्ष्य बनाते हो, बाहर जितनी भी चीजें आकर्षित करती हैं वह भीतर बैठे किसी चीज का प्रतिबिंब होती हैं। अगर



भीतरी तौर पर यह नहीं पता है कि कौन सी चीज जीवन में कीमती है तो बाहर भी कौन सी चीज कीमती है, क्या पाना चाहिए, किस लक्ष्य के पीछे समय, जीवन, ऊर्जा लगानी चाहिए यह स्पष्ट नहीं होगा। पर कुछ-न-कुछ तो करना ही है। मन, शरीर, जिंदगी यह सब गति के ही नाम हैं तो फिर उल-जलूल और अस्थाई लक्ष्यों के पीछे आदमी भागने लग जाता है।पता नहीं है कि बाहर क्या चाहिए, किसकी तरफ बढ़े और चूँकि जीवन है तो एक जगह खड़े भी नहीं रह सकते तो फिर व्यक्ति किसी भी उटपटांग दिशा में बढ़ने लग जाता है और दिशा चूँकि मूल्यहीन है, व्यर्थ है तो उसकी तरफ बहुत देर तक चल भी नहीं पाता है। थोड़ी देर में रास्ते बदल कर, लक्ष्य बदल कर, मन बदल कर किसी और तरफ देखने लग जाता है, उधर को बढ़ लेता है। और सवाल हम यही पूछते हैं कि हमें अपना लक्ष्य बाहर का पता नहीं चल रहा। बाहर तुम क्या लक्ष्य बनाते हो यह इस पर निर्भर करता है कि भीतर तुम किस चीज को मूल्य देते हो। सीधी सपाट बात है। और बाहर अगर तुम्हारे पास तीस-चालीस- पचास लक्ष्य हैं जो बनते बिगड़ते रहते हैं तो इसका अर्थ यह है कि भीतर भी तुम पचास चीजों को मूल्य देते हो और उन पचासों चीजों में से किसी भी एक चीज को बहुत मूल्य नहीं देते। जिंदगी में कोई भी ऐसी बात नहीं है जो तुम्हें प्राणों से ज्यादा प्यारी हो, जो तुम्हारे लिए इतनी कीमती हो कि उसके पीछे तुम सब कुछ छोड़ सकते हो। जिसकी ऐसी हालत होती है वह थाली का बैंगन हो जाता है, जिधर को थोड़ा सा लालच दिखा उधर को बढ़ लिए, जिधर गए थोड़ा घाटा हुआ, थोड़ी तकलीफ, थोड़ी चुनौती मिली उधर से भग लिए। और ऐसे ही जिंदगी उसकी चलती रहती है। उसके पास कुछ नहीं होता, जीने के लिए केंद्रीय आधार। उसके पास कुछ नहीं होता जो उसे लगातार ही याद बना रहता हो। फिर उसका मन बिलकुल सड़क के यातायात जैसा होता है, गाड़ियाँ आ रही हैं जा रही हैं, किसी भी गाड़ी का किसी दूसरी गाड़ी से कोई विशेष संबंध नहीं है। कभी यातायात ट्रैफिक बहुत बढ़ गया, कभी कम हो गया, रात के वक्त थोड़ा कम हो गया, सो लिए और सब जो गाड़ियाँ हैं वह एक दूसरे से भिन्न होते हुए भी जा एक ही दिशा में रही हैं, आ भी एक ही दिशा से रही हैं। ऐसा होता है आम व्यक्ति का मन, कि जैसे कोई यह न जानता हो कि उसको चाहिए क्या और किसी बाजार में पहुँच जाए और वहाँ जो कुछ भी है वही उसको कभी इधर खींचता है, कभी उधर खींचता है। आंतरिक स्पष्टता जरूरी है। आंतरिक रूप से अगर तुम्हारे पास कुछ ऐसा नहीं है जो तुम्हारे जहन पर लगातार छाया रहता हो, जिसकी याद तुम कभी भूल ना पाते हो तो जिंदगी में बड़ी दुर्गति रहेगी क्योंकि मन में कुछ-न-कुछ तो चलते ही रहना है। फिर कुछ ही चलता रहेगा, कुछ भी चलता रहेगा। कोई एक मूल सशक्त केंद्रीय भाव तो है नहीं, तो फिर क्या है मन में? टूटे-छितराए फुटकर विचार। और जिस वक्त जो विचार है ऐसा लग रहा है कि उस वक्त वही सबसे बड़ी चीज है। जैसे कोई बच्चा हो नासमझ उसको बैठा दिया गया है सिनेमा के पर्दे के सामने, और दृश्य आ रहे हैं एक के बाद एक। और बहुत परिवर्तनशील होते हैं उसमें दृश्य। सिनेमा में भी एक सेकंड में तुम्हारे सामने कुछ नहीं तो बीस दृश्य आ जाते हैं। तभी तो लगता है जो हो रहा है वह लगातार हो रहा है। तो जो भी दृश्य आ रहे हों उस बच्चे के सामने, उसको वही दृश्य बिलकुल पकड़ ले रहे हैं। उसको लग रहा है यही तो असली चीज है। अभी सामने से घोड़ा दौड़ रहा है पर्दे पर, बच्चा उसी में बिलकुल खो गया, लिप्त हो गया, और खट से दृश्य बदल जाता है जैसे संसार में दृश्य बदलते हैं। एक नदी दिखाई देने लगती है, एक पहाड़ दिखाई देने लगता है, कहीं गोलियाँ चलने लगती हैं, कहीं कुछ नाचने-गाने का हँसने का कार्यक्रम होने लगता है, कहीं कोई बीमार हो जाता है, कहीं कोई बिछड़ जाता है, मर जाता है। और सामने जो भी दृश्य आ रहा है बच्चा उसी में पूरे तरीके से घिर जा रहा है। उसके पास जैसे कोई आंतरिकता नहीं है कुछ, अपना नहीं है, कुछ ऐसा नहीं है जो पर्दे से आते दृश्यों से बिलकुल बड़ा हो, इतना बड़ा हो कि पर्दे से जो कुछ भी उसके पास आ रहा है उससे वह बड़ी चीज अस्पर्शित रहे। वह इतना बड़ा मुद्दा, इतना बड़ा मुद्दा कि सिनेमा पर जो भी चल रहा है वो मुद्दा एकदम छोटा, महत्वहीन पता चले। तो जब वह इतनी बड़ी और महत्वपूर्ण चीज जो सदा याद रहे, जो सदा जहन पर छाई रहे, जो जिंदगी का एक सतत और केंद्रीय मुद्दा हो, वह नहीं है आपके पास तो फिर यही होगा -जब जो चीज सामने होगी वही चीज आपके लिए सब कुछ हो जाएगी। कुल मिला-जुला कर लेकिन जिंदगी का निष्कर्ष निकलेगा एक बर्बादी, व्यर्थता। तो बाहर के लक्ष्यों में से किसको चुने यह मत पूछिए या बाद में पूछिएगा, पहले यह पूछिए कि भीतर जो कुछ चल रहा है उसमें से कितना, महत्वपूर्ण है मूल्य देने लायक है, और कितना है जो कचरा है। शुरू में ही हमने कहा था कि बाहर आपको जो भी कुछ आकर्षित करता है, वह भीतर का ही प्रतिबिम्ब है। भीतर की सफाई कर ली तो बाहर की पचास चीजें आपको खींचना ही बंद कर देंगी। और भीतर कैसे पता चले कि क्या महत्वपूर्ण है? उसके लिए विशेष कोशिश करनी पड़ती है क्योंकि आदमी और आदमी के मन की संरचना ऐसी है ही नहीं कि वह प्राकृतिक तौर पर योग्य हो या जरूरत अनुभव करे खुद को देखने की, भीतर जाने की, अंतर-गमन की। आदमी में प्राकृतिक तौर पर वह योग्यता विकसित है ही नहीं तो इसीलिए बाहर की कोई चीज हो उसको हम आसानी से देख लेते हैं, उसके बारे में चर्चा कर लेते हैं, अनुसंधान भी कर लेते हैं, खोज-बीन कर लेते हैं लेकिन मन क्या चीज है, कहाँ से आती है कहाँ को जाती है, क्यों उसको कुछ कीमती लगता है, क्यों किसी चीज को वो भूल जाती है यह जानने-समझने की हमको कोई पैदाइशी, प्राकृतिक या सामाजिक शक्ति उपलब्ध नहीं है। इस मामले में इंसान बड़ा लाचार बेसहारा है। उसका निर्माण कुछ इस तरह से हुआ है कि बाहर-बाहर जो चीजें दिखवानी हों दिखवा लो। बुद्धि खूब चलती है बाहर की तरफ। विज्ञान है, टेक्नोलॉजी है, बताओ बाहर का क्या पता करना है, मन लग जाएगा उधर को देखने में और उधर को देखने में कोई विशेष उपलब्धि नहीं हो गई क्योंकि प्रकृति ने आपको रचा ही ऐसा है कि आप बाहर देखे ही लोगे। तो कोई बाहर देख रहा है, कोई दूसरा है जो बाहर उससे और दूर तक देख ले रहा है। इसमें यह दूसरा व्यक्ति पहले व्यक्ति से बेहतर तो है पर है उसी के तल का। जैसे कि एक सड़क हो, एक सड़क पर दो व्यक्ति खड़े हैं, एक आदमी उस सड़क पर देख ले रहा है आगे पाँच-सौ मीटर तक, दूसरा देख ले रहा है पाँच किलोमीटर तक। दूसरा पहले से बेहतर तो है लेकिन ले-दे कर देख तो वह भी उसी सड़क पर रहा है, थोड़ा और आगे तक। उसका रास्ता अलग नहीं हो गया, उसकी दृष्टि अलग नहीं हो गई। अलग वह व्यक्ति है जो कुछ ऐसा कर ले जाए जिसके लिए हमें शारीरिक-प्राकृतिक तौर पर, जन्मगत तौर पर तैयार किया ही नहीं गया है। सोचने को आप ऐसे भी सोच सकते हैं कि आदमी के निर्माण में ही कुछ खोट है। असली आदमी वह है जो अपनी शरीरगत और मानसिक दुर्बलताओं को चुनौती दे करके वह कर डाले जो उससे उसका शरीर कभी करवाना चाहता ही नहीं था। अब यह बात सुनने में ही अजीब लगती है न, यह कैसे हो जाएगा! भाई एक मशीन है वह, वो काम कैसे करना शुरू कर देगी जिस काम के लिए उसको रचा ही नहीं गया है? उसका डिजाइन, उसकी अभिकल्पना ही ऐसी नहीं है कि मशीन वह काम करे। वह कैसे वह काम शुरू कर देगी? और नहीं कर सकती, कोई मशीन ऐसी नहीं है जो अपने उद्देश्य से अलग हटकर बल्कि अपने उद्देश्य के विपरीत, अपने उद्देश्य से ऊँचे किसी तल में कोई और काम करना शुरू कर दे। कोई मशीन ऐसा नहीं कर सकती। वह तो वही करती है जिस चीज के लिए उसका निर्माण हुआ है। पर आदमी चौतन्य जीव है न। अजीब सी उसकी चेतना है, आधा चौतन्य है आधा वह जड़ है, यांत्रिक है। और हम जब बात कर रहे हैं तो इस बातचीत का पूरा उद्देश्य चेतना को राहत और शांति पहुँचाना है। जिस हद तक हम मशीनें हैं उस हद तक यह बातचीत आपके किसी काम नहीं आ सकती। उदाहरण के लिए अगर आपके शरीर की कोई हड्डी छोटी है तो बिलकुल ऐसा नहीं होने वाला कि आप यह चर्चा सुनेंगे और उस हड्डी की लंबाई बढ़ जाएगी। लेकिन अपने शरीर की किसी छोटी हड्डी को लेकर के आपकी चेतना अगर परेशान रहती है तो जरूर इस बातचीत से कुछ लाभ हो सकता है। तो यह सारी बातचीत आदमी के उस हिस्से के लिए की जा रही है जो मशीनें नहीं है, जो चौतन्य है। और उस हिस्से को संबोधित करके अभी कहा जा रहा है कि जब तक तुम मशीन के क्रियाकलापों को चुनौती नहीं दोगे, हिम्मत नहीं दिखाओगे, कुछ ताकत नहीं बढ़ाओगे अपनी, तब तक तुम परेशान रहोगे ही। यह बातचीत इसीलिए हो रही है न, किसी को राहत देने की जरूरत तब पड़ती है न, जब वह परेशान हो। यह सारी बातचीत अगर इसलिए है, सारा अध्यात्म अगर इसलिए है कि लोगों को शांति मिले, राहत मिले तो प्रकट बात है कि लोग परेशान हैं। परेशान इसीलिए है क्योंकि हमें जैसे रचा गया है तो हम पर जिम्मेदारी आ गई है कि हम वह कर डालें जो करने के लिए शायद हमें रचा ही नहीं गया है। मुश्किल लग रहा है न? पर करना पड़ेगा। अध्यात्म इसीलिए ईश्वर की प्राप्ति वगैरह का काम नहीं है, अध्यात्म सीधे-सीधे एक कमजोर आदमी को ताकतवर बनाने का काम है। और हम कुछ ऐसे अजीब लोग हैं कि हमें यह लक्ष्य दे दिया जाए कि सात आसमानों पार जो ईश्वर बैठा है उसे हासिल करना है तो हम तैयार हो जाएँगे, कहेंगे, ष्बढ़िया है!ष हमें ऐसा लक्ष्य दे दिया जाए कि तुम्हें अपने शरीर से ही बाहर छलांग मार कर के तीन लोकों का भ्रमण करना है तो हम कहेंगे, षबिलकुल हम ये काम करना चाहते हैं। लेकिन अगर हमसे कह दिया जाए कि, तुम भीतर से कमजोर हो, बीमार हो, तुम्हें ताकतवर बनना है।ष तो हम कहेंगे, नहीं यह काम नहीं करना है हमको! यह काम मुश्किल तो है ही और चूँकि यह काम मुश्किल है इसीलिए इसमें अधिकांश लोगों को सहारा चाहिए, उसी सहारे का नाम है आध्यात्मिक ग्रंथ। इसलिए बार-बार कहा जाता है कि जिंदगी आप नहीं जी पाओगे सशक्त तौर पर अगर आप आध्यात्मिक ग्रंथों के पास नहीं हो। वह कहते हैं – नहीं साहब क्या जरूरत है? हमें तो कोई खास तकलीफ नहीं है। जिन्हें कोई खास तकलीफ नहीं है उनसे मैं कहता हूँ – मौज मारो, बाद में बात करेंगे। और एक फिर दूसरी कोटि के आते हैं वह कहते हैं – तकलीफ तो है लेकिन हम इलाज खुद ही कर लेंगे। या वह कहते हैं कि, ष्हाँ तकलीफ तो है पर हमें बहुत ज्यादा भी इस बात पर भरोसा नहीं है कि तकलीफ दूर करने के लिए ग्रंथ पढ़ना जरूरी है। काम बहुत मुश्किल है, अकेले नहीं कर पाओगे इसलिए ग्रन्थ चाहिए । इस मशीन को अपने खिलाफ जाना है, नहीं हो पाएगा। और कभी किसी ने कर लिया होगा तो करोड़ों-अरबों में एक होगा न। किसी ऐतिहासिक व्यक्तित्व का या किसी विशेष संत या ऋषि का नाम लेकर के तुम सिद्ध करोगे कि, ष्उन्होंने तो कर लिया था, वह तो अपने भीतर प्रवेश कर गए थे, अपने मन को समझ गए थे, अपने मन का कूड़ा कचरा साफ कर लिया था। जो चीज आप कह रहे हैं कि जीवन में एक केंद्रीय मूल्य होना चाहिए, उन्होंने उस केंद्रीय मूल्य की पहचान कर ली थी और वो उसी में लगातार डूबे रहते थे, वही चीज उनके मानस पर हमेशा छाई रहती थी, तो उन्होंने तो कर लिया था बिना ग्रंथों के। वो कोई करोड़ों-अरबों में एक होता है न। आपको यह विनम्रता के साथ स्वीकार करना चाहिए कि करोड़ों-अरबों में आप शायद नहीं हैं। और फिर जो आदमी परेशान है उसको तो जो भी सहारा मिल रहा हो उसे स्वीकार करना चाहिए, कम-से-कम आजमाना चाहिए। प्रयोग ही करके देख लो, मानो नहीं पर जाँच तो सकते हो। इतनी तुम किताबें पढ़ते हो दुनिया भर की, उनकी भी किताबें पढ़ते हो जो कहते हैं कोई किताब नहीं पढ़नी चाहिए, तो कम-से-कम उन किताबों को भी पढ़ कर देख लो जिसमें वह बात कही गई है, वह माहौल रचा गया है जो इस मिट्टी की मशीन को मिट्टी से आगे देखने की दृष्टि देता है। वह जब करोगे तभी भीतर सफाई आएगी। और भीतर जब सफाई आ गई तो फिर बाहर कौन-सा लक्ष्य ठीक है, कौन-सा नहीं है ये बात अपने आप स्पष्ट हो जाएगी। जितने भी लोग इस सवाल से जूझ रहे हैं कि, षजिंदगी में किधर को चलें? क्या लक्ष्य बनाएँ? क्या पाने लायक है क्या नहीं? तीन-चार तरह के विकल्प हैं, कौन-सा चुनें?षइस तरह के सवाल सब लोगों के पास होते हैं चाहे वो जवान हों, प्रौढ़ हों, वृद्ध हों, बल्कि बच्चों तक के पास अब ऐसे सवाल होते हैं कि, षनिर्णय कैसे लें? डिसीजन मेकिंग ! उन सभी से मैं कह रहा हूँ – बाहर तुम नहीं उलझे हुए हो। ये भ्रम मत पाल लेना कि तुम्हें बाहर क्या निर्णय लें ये बात नहीं समझ में आ रही, तुम भीतर उलझे हुए हो, तुम भीतर फँसे हुए हो। तुम्हें ये नहीं पता है कि भीतर कौन-सी चीज महत्वपूर्ण है। यह ललचाता है, ये लुभाता है, ये चीज आकर्षित करती है, वो चीज वादा करती है, इसमें से क्या है जो असली है, तुम्हें ये नहीं पता भीतरी तौर पर। और भीतरी तौर पर वो पता करने के लिए तुम्हें उनकी संगति करनी ही पड़ेगी जिन्होंने अपना पूरा जीवन यही जानने में निकाल दिया। जिन्होंने खुद भी जाना, जिन्होंने दूसरे जानकारों से, ज्ञानियों से भी जाना-सुना, सीखा और जिन्होंने फिर आपके लिए पीछे अपने शब्दों की विरासत छोड़ दी। उनकी संगत करनी पड़ेगी। उनकी संगति किए बिना अगर तुम सोच रहे हो कि भ्रमजाल से खुद ही तुम निपट लोगे, बाहर आ जाओगे तो मुझे यही कहना होगा कि इसकी संभावना लगभग शून्य है, नहीं हो पाएगा।

–**आचार्य प्रशान्त**

## पेज एक का शेष...

**सीएम धामी ने होमगार्ड ..**को सेवाएं मिलेगी। वहीं महिला होमगार्ड को प्रसूति अवकाश दिया जा रहा है। सीएम धामी कहा राज्य को जल्द 330 महिला होमगार्ड मिलेंगे। इसके साथ ही 300 पुरुष होमगार्ड की भर्ती भी जल्द की जाएगी। सीएम ने प्रेमनगर में होमगाड्र्स के लिए फायरिंग रेंज बनाने का ऐलान किया। सीएम ने कहा होमगार्ड को साल में 12 अवकाश दिए जाएंगे। होमगार्डों के लिए बड़ी संख्या में मोटरसाईकिल खरीदी जाएंगी। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में ड्यूटी करने वाले जवानों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम में रेस्क्यू सेंटर के लिए भवन निर्माण की घोषणा की। साथ ही कहा कि हॉस्टल का निर्माण भी किया जाएगा। इसके साथ ही होमगार्ड विभागीय बैंड मस्का बाजा की भी शुरुआत की गई।

**हंगामे के बीच..**के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। विधायक तिलक राज बेहड़ का कहना था कि मिल प्रबंधन तंत्र ने फर्जी उद्घाटन किया है । मिल की स्थिति चलने लायक नहीं है जिस वजह से मिल चालू करते ही बंद हो गई। बेहड़ ने कहा कि भाजपा सरकार कांग्रेसी विधायकों का हर जगह उत्पीड़न कर रही है तथा भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ता मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की छवि पर बट्टा लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रोटोकॉल का भी उल्लंघन किया जा रहा है। किच्छा शुगर फैक्ट्री का प्रबंध तंत्र पंगु हो गया है ।यहां पर मौजूद प्रधान प्रबंधक का प्रबंधन पर कोई नियंत्रण नहीं है। विधायक ने आरोप लगाते हुए कहा कि शुगर फैक्ट्री की लड़ाई सत्र के प्रारंभ से यह साबित हो गया है कि भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ता ऑनलाइन ऑर्डर को भी डाक में रखकर माहौल बिगड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने पूर्व विधायक पर आरोप लगाया कि वह वह आज भी विभिन्न विभागों में अपने लेटर पैड का दुरुपयोग कर विधायक लिख रहे हैं जो कि जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि वह इस प्रकरण को विधानसभा में रखेंगे। बेहड़ के साथ तस्लीम राजा, कांग्रेस के नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, नितिन शर्मा, अशोक मित्र, जीवन जोशी, सभासद लियाकत अली अंसारी, इम्तियाज मलिक, गुलशन सिंधी, महेंद्र वर्मा, विधायक प्रतिनिधि दर्शन कुमार कोली, जगरूप सिंह गोल्डी, फजिल खान, अक्षय बाबा, ध्यान चंद, संतोष ठाकुर, प्रवीण सैनी, दिलीप सिंह बिष्ट आदि लोग मौजूद थे। उधर चीनी मिल पेराई सत्र का शुभारंभ करने के बाद पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता अपनी हठधर्मिता नहीं छोड़ रहे हैं जिस वजह से कांग्रेस का पतन हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसी सोच के कारण अभी संपन्न विधानसभा चुनाव में सभी राज्यों से कांग्रेस का सफाया हो गया है।

**सादी का झांसा ..**उसे अच्छे खासे पैसे मिलते हैं। बीते 3 जुलाई को जब पीड़िता ने एक बार फिर से उसके समक्ष शादी का प्रस्ताव रखा तो उसके साथ बुरी तरह मारपीट करते हुए आरोपी ने उसे मुंह खोलने के एवज में जान से मारने की धमकी दी। दुष्कर्म की शिकार पीड़िता ने आईटीआई पुलिस से न्याय की गुहार लगाई लेकिन पुलिस ने उसे दुत्कार दिया। बीते 24 अगस्त को पीड़िता ने लिखित शिकायती पत्र जिले के एसएसपी को भेजकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग किया लेकिन एसएसपी ने भी दुष्कर्म की शिकार पीड़िता की आवाज दबा दी। इसके बाद पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कुकर्मी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही के निर्देश जारी किए हैं।

**वन कर्मियों के ..**हिंदू समाज की भावनाओं का अनादर किया है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। प्रदर्शन करने वालों में हिंदू युवा वाहिनी नगर अध्यक्ष अनमोल शर्मा, हिंदू युवा वाहिनी के कुमाऊं मण्डल अध्यक्ष नवीन भट्ट, हंस पाण्डे, अजय सिंह, छेदा सिंह, पारस भंडारी, भगत सिंह धामी, सतपाल लोधी, जीतू शर्मा, गोविंद सिंह नयाल, अजय सिंह, डा. प्रेम जी, नवनीराम राजपूत, दीपक यादव आदि समेत कई लोग मौजूद थे।

**युवक को पीटकर..**पायी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रम्पुरा निवासी बंटी पुत्र पीताम्बर को 3 दिसम्बर की रात आधा दर्जन लोगों ने घेरकर बेरहमी से पीट दिया। युवक को मरा हुआ समझकर हमलावर मौके से फरार हो गये। युवक को गंभीर चोटें आयीी हैं जिस पर उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। मामले में परिवार की ओर से पुलिस को तहरीर दी गयी लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुयी। अभी तक कार्रवाई नहीं होने पर घायल की बहन पुन: चौकी पहुंची और पुलिस पर बिफर पड़ी। पुलिस ने मामले में शीघ्र कार्रवाई की बात कही है।

## तमंचा व कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

काशीपुर( उद संवाददाता) ।वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कुंडा पुलिस ने मोटरसाइकिल पर फर्राटा भर रहे एक युवक को शक के आधार पर रोककर तलाशी में उसके कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया है। जरूरी जानकारी जुटाना के बाद गिरफ्तार बदमाश का पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत चालान कर दिया गया। कार्यवाही के बारे में जानकारी मिली है कि कुंडा पुलिस कुदैवोवाला मोड़ के समीप वाहनों की जांच पड़ताल में जुटी थी इसी दौरान बगैर नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार होकर फर्राटा भर रहे एक युवक को पुलिस ने शक के आधार पर रोक लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम केला बनवारी चौकी बन्नाखेड़ा कोतवाली बाजपुर निवासी कुलदीप सिंह पुत्र सरजीत सिंह बताया। तलाशी में उसके कब्जे से पुलिस को एक अवैध तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जरूरी पूछताछ के बाद अभियुक्त को न्यायालय की समक्ष पेश कर दिया।

## जेठ पर लगाया बदनीयती का आरोप

रूद्रपुर ( उद संवाददाता)। एक महिला ने अपने जेठ पर बदनीयती रखने का आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। शिकायती पत्र में महिला का कहना है कि उसके पति की चार माह पूर्व मृत्यु हो चुकी है। उसकी दो बेटियां हैं। सास, ससुर, जेठ, जेठानी व ननद आये दिन उस पर अत्याचार करते हैं और घर से निकलने को कहते हैं। महिला का आरोप है कि उसका जेठ उस पर गलत नियत रखता है और कमरे में आ जाता है। जब इसका विरोध करती है तो घर से निकल जाने को कहता है। उस पर झूठे आरोप लगाता है जबकि वह मजदूरी कर परिवार पाल रही है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा** **एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा** **समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# उत्तराखंड को मिली 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी

## लोहाघाट में बनेगा प्रदेश का पहला बालिका स्पोर्ट्स कॉलेज : रेखा





देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी महाराणा प्रताप स्पोर्टस कॉलेज, देहरादून में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल ध्वज हस्तांतरण एवं 37वें राष्ट्रीय खेल गोवा-2023 में उत्तराखण्ड के पदक विजेता खिलाडियों के सम्मान समारोह में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने उत्तराखण्ड राज्य को 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन तथा राष्ट्रीय खेल ध्वज मिलने पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेल अभूतपूर्व एवं गौरवशाली होगें और निश्चित रूप से यह खेल राज्य को खेल भूमि के रूप में पहचान दिलाने में मील का पत्थर साबित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज नए भारत, शक्तिशाली भारत व गौरवशाली भारत का निर्माण हो रहा है साथ ही खेल सहित प्रत्येक क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। उन्होंने कहा कि सफलता का एक ही मूल मंत्र है विकल्प रहित संकल्प खिलाड़ी अपना लक्ष्य निर्धारित करें और उस लक्ष्य को पाने के पूरे मनोयोग से मेहनत करें। हम जिस भी क्षेत्र में जाएं, उस क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन करें। इस अवसर पर खेल मंत्री रेखा आर्य ने सीएम को 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए भारतीय ओलंपिक संघ का ध्वज सौंपा। जिसे राष्ट्रीय खेल सचिवालय रायपुर में स्थापित किया गया। खेल मंत्री ने कहा, लोहाघाट में प्रदेश का पहला बालिका स्पोर्ट्स कालेज बनेगा, इसके लिए 500 नाली भूमि हस्तांतरण के लिए अनुमोदन मिल चुका है। राज्य में खेल संस्कृति का लगातार प्रसार हो रहा है। राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। गुजरात में 36 वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य के खिलाड़ियों ने 18 पदक जीते। जबकि इस साल गोवा में 37वें राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों ने 24 पदक जीते। सीएम ने कहा, गांवों में ओपन जिम के लिए 10 करोड़ रुपये के बजट की व्यवस्था की गई। जबकि विश्वविद्यालयों में व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सरकार पांच प्रतिशत स्पोर्ट्स कोटे को लेकर नियमावली बनाने जा रही है। इसके साथ ही निजी खेल क्षेत्रों के माध्यम से खेल अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण के लिए अनुदान दिए जाने की भी व्यवस्था की गई है। सीएम ने यह भी कहा कि खिलाड़ियों के लिए सरकारी नौकरी में चार प्रतिशत खेल कोटे की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। कार्यक्रम में विधायक उमेश शर्मा काऊ, विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, निदेशक खेल जितेंद्र कुमार सोनकर, उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डीके. सिंह आदि उपस्थित रहे।

# इमिग्रेशन संस्थान ने लगाया बदनाम करने का आरोप

## फर्जी वीजा के मामले में पुलिस के सामने रखी सच्चाई

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। फर्जी वीजा बनाने के मामले में वीजा बनाने वाले प्रतिष्ठान के स्वामियों ने मामले में अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि वीजा फर्जी नहीं बल्कि ऑरिजनल दिया गया था लेकिन आरोप लगाने वाला व्यक्ति अपनी गलती की वजह से वीजा का उपयोग नहीं कर पाया और सारी गलती उनके संस्थान पर थोपकर साजिश के तहत उन्हें बदनाम किया जा रहा है। प्रतिष्ठान स्वामियों ने पुलिस के समक्ष भी अपना पक्ष रखते हुए पूरी सच्चाई का खुलासा किया है। बता दें भूरारानी रोड स्थित फ्यूचर इमिग्रेशन पर नजीमाबाद किच्छा निवासी सोहन लाल ने अपने पुत्र का लंदन से कनाडा जाने का फर्जी वीजा बनाने का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की है। इस मामले में अब नया मोड़ आया है। फ्यूचर इमिग्रेशन के संचालक हरपाल सिंह और कुनवर विर्क ने मामले में पुलिस के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए पूरी सच्चाई उजागर की तो पुलिस भी हैरान रह गयी। हरपाल सिंह और कुनवर विर्क के मुताबिक उन्होंने सोहन लाल के पुत्र कुलदीप सिंह का लंदन से कनाडा का जो वीजा बनाया वो फर्जी नहीं बल्कि असली था। उसमें तनिक भी कोई कमी नहीं थी क्यों कि उसे पूरी वैधानिक प्रक्रिया और नियमों को पूरा करके बनाया गया था। वीजा बनाने की प्रक्रिया में कुलदीप की बकायदा बायोमेट्री, मेडिकल हुआ जो उसने खुद लंदन में कराया। वीजा के लिए लंदन और कनाडा की एंबेसी से जो भी पत्राचार हुआ था वह कुलदीप की ईमेल पर ही हुआ था। वीजा जारी होने के बाद उसे लेने के लिए भी खुद कुलदीप ही गया था। हरपाल सिंह और कुनवर ने कई साक्ष्य दिखाते हुए बताया सच्चाई ये है कि कुलदीप का लंदन में वीजा खत्म हो चुका था और वह बिना वीजा के ही वहां रह रहा था। लंदन से कनाडा के लिए वीजा बनाने की पूरी प्रक्रिया में पूरी ईमानदारी से उनका सहयोग किया। लंदन से कनाडा का वीजा बनने के बाद निर्धारित समयावधि तक कुलदीप सिंह वीजा की शर्तों को पूरा नहीं कर पाया जिस कारण उसे एयरपोर्ट पर कनाडा जाने से रोक दिया गया और अब पैसे वापस लेने के लालच में पूरा आरोप उनके संस्थान पर थोप दिया। उन्होंने कहा कि कुलदीप अगर समय पर अगर वीजा की शर्तों को पूरा कर लेता तो उसे कनाडा जाने से कोई नहीं रोकता। क्यों कि वीजा पूरी तरह ऑरिजनल था, उसमें किसी तरह की कोई कमी नहीं थी। उन्होंने दावा कि वीजा फर्जी हुआ तो वह कोई भी सजा भुगतने को तैयार हैं। उनके पास पूरे सबूत और दस्तावेज हैं जो उनके द्वारा कुलदीप के वीजा को प्रमाणित कर सकते हैं। हरपाल और कुनवर ने पुलिस को बताया कि सोहन लाल और उनके पुत्र कुलदीप ने उनके संस्थान पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें बदनाम किया है। इसकी भरपाई नहीं की जा सकती। बताया कि पिछले करीब दो साल से वह रूद्रपुर में इमिग्रेशन संस्थान चला रहे हैं और अब तक करीब ढाई सौ लोगों के स्टडी और वर्किंग वीजा बननाकर लोगों को यूके, कनाडा, न्यूजीलेंड, आस्ट्रेलिया आदि देशों में भेज चुके हैं। आज तक एक भी आरोप उनके संस्थान पर नहीं लगा है। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर जल्द ही उच्चाधिकारियों से भी मुलाकात कर उनके सामने सच्चाई रखी जाएगी।

# नकाबपोश बदमाशों ने ज्वैलर्स व्यापारी को मारी गोलियां, मौत

खटीमा। झनकट के देवरी गांव में मंगलवार शाम बाइक सवार दो नकाबपोश युवकों ने दुकान में घुसकर सराफ को गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल होने के कारण उन्हें बरेली के भोजीपुरा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान सराफ ने दम तोड़ दिया। नानकमत्ता निवासी रमेश रस्तोगी की देवरी की शिवा मार्केट में आराधना ज्वेलर्स नाम से दुकान है।



मंगलवार शाम वह अपनी दुकान बंद करने की तैयारी में थे। तभी अचानक दो नकाबपोश युवक बाइक से पहुंचे और दुकान में घुसकर उन पर फायरिंग कर दी। रमेश की गर्दन पर दो गोली लगीं। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के व्यापारियों में अफरातफरी मच गई। इसी बीच दोनों नकाबपोश युवक बाइक से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने दुकान में पहुंचकर सीसीटीवी खंगाले। मौके पर पहुंचे एएसपी वीर सिंह ने कहा कि घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज देखी जा रही हैं।


